रोहतक
गुरुवार 16 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 71
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 40.5
न्यून. 15.4

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


7 अजेय पंजाब किंग्स के खिलाफ लय हासिल करने उतरेगी मुंबई इंडियंस

भारत सरकार
CBC 22201/13/0012/2627
अब नेतृत्व की बारी है,
नारी शक्ति वंदन
की ज़िम्मेदारी है
#NariShaktiVandan
देश की बेटियों को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% आरक्षण की गारंटी

4+ करोड़ पक्के आवास, ज्यादातर महिलाओं के नाम
35+ करोड़ महिलाओं को मिला मुद्रा लोन

## गुरुग्राम जमीन घोटाला : नौ आरोपियों को समन जारी

# रॉबर्ट वाड्रा-भूपेंद्र हुड्डा की बढ़ी मुश्किलें 16 मई को कोर्ट में पेश होने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

शिकोहपुर लैंड स्कैम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा और हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने केस में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए सभी 9 आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया है। विशेष न्यायाधीश सुशांत चांगोत्रा ने आदेश दिया है कि वाड्रा सहित सभी आरोपी 16 मई को अदालत में पेश हों। ईडी ने 17 जुलाई 2025 को रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ इस मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान वाड्रा के वकील ने कोर्ट से कहा कि वाड्रा खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता है। वाड्रा से ईडी इस मामले में 3 बार पूछताछ कर चुकी है।

### 3 बार ईडी कर चुकी पूछताछ



ईडी ने 17 जुलाई 2025 को रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ दाखिल की थी चार्जशीट, आरोपों से किया इनकार



### 3.5 एकड़ जमीन 7.5 करोड़ रुपये में खरीदी

बता दें कि फरवरी 2008 में रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से गुरुग्राम के शिकोहपुर गांव में 3.5 एकड़ जमीन 7.5 करोड़ रुपये में खरीदी थी। जमीन की यह डील उस समय हुई, जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री थे। दस साल बाद 2018 में हरियाणा पुलिस ने रॉबर्ट वाड्रा, भूपेंद्र हुड्डा, डीएलएफ और ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इस केस में वाड्रा के साथ हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी आरोपी हैं।

### 2018 में दर्ज की गई एफआईआर

साल 2018 में हरियाणा पुलिस ने रॉबर्ट वाड्रा, भूपेंद्र हुड्डा, डीएलएफ और ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज के खिलाफ एक शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की थी। इसमें धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार के आरोप में आईपीसी की धारा 420, 120, 467, 468 और 471 के तहत मामला दर्ज किया गया था। बाद में आईपीसी की धारा 423 के तहत नए आरोप जोड़े गए थे।

### पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा पर ये आरोप

जमीन की यह डील जब हुई, उस समय हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री थे। जमीन खरीदने के करीब एक महीने बाद हुड्डा सरकार ने वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी को इस जमीन पर आवासीय परियोजना विकसित करने की परमिशन दे दी। आवासीय परियोजना का लाइसेंस मिलने के बाद जमीन के दाम बढ़ जाते हैं। लाइसेंस मिलने के मुश्किल से 2 महीने बाद ही, जून 2008 में, डीएलएफ वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी से यह जमीन 58 करोड़ में खरीदने को तैयार हो जाती है। यानी मुश्किल से 4 महीने में 700 प्रतिशत से ज्यादा का मुनाफा वाड्रा की कंपनी को होता है। 2012 में हुड्डा सरकार कॉलोनी बनाने वाले लाइसेंस को डीएलएफ को ट्रांसफर कर देती है।

# सीबीएसई बोर्ड 10वीं सेशन-1 का रिजल्ट जारी, 93.70% पास, लड़कियां फिर आगे

- लड़कियों का पास प्रतिशत 94.99%, लड़कों का रिजल्ट 92.95% रहा
- 25 लाख विद्यार्थियों ने इस वर्ष दसवीं के पहले सेशन की परीक्षा दी
- त्रिवेंद्रम रीजन टॉप पर, 15 मई से होंगे सेशन 2 के एग्जाम
- सीबीएसई बोर्ड मेरिट लिस्ट नहीं करता जारी न ही टॉपर होते घोषित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन यानी सीबीएसई ने 10वीं सेशन-1 का रिजल्ट जारी कर दिया है। लड़कियों का पास प्रतिशत 94.99% है, लबकि लड़कों का रिजल्ट 92.95% दर्ज किया गया है। ट्रांसजेंडर छात्रों ने भी इस बार 91.30% रिजल्ट के साथ शानदार प्रदर्शन किया है। 99.75% के साथ त्रिवेंद्रम रीजन का रिजल्ट बेस्ट रहा है। लगभग 25 लाख स्टूडेंट्स इस साल सीबीएसई बोर्ड 10वीं की सेशन 1 परीक्षा में शामिल हुए हैं जिनका रिजल्ट जारी किया गया है। दसवीं के रिजल्ट में हरियाणा के होनहारों ने भी परचम लहराया। सोनीपत के मनन ने 100% अंक प्राप्त किए। वहीं, रोहतक के खेड़ी गांव की खुशी को 99.6 और रोहतक की ही हिमाक्षी को 99.4% अंक मिले।

### हमारे होनहारों ने बढ़ाया प्रदेश का मान


मनन 100%


खुशी 99.6%


हिमाक्षी 99.4%

### छात्रों को अंकों में सुधार करने का मिलता है मौका

10वीं बोर्ड सेशन-2 एग्जाम उन स्टूडेंट्स के लिए है जो अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। इसमें अधिकतम 3 अंकों में सुधार का मौका मिलेगा। इसके अलावा 2 विषयों में फेल छात्रों को कंपार्टमेंट कैटेगरी में रखा गया है, जो दूसरी एग्जाम दे सकते हैं।

### संस्थान भी नहीं बताते मेरिट लिस्ट

सीबीएसई बोर्ड मेरिट लिस्ट जारी नहीं करता है। इसके अलावा रिजल्ट में कोई टॉपर भी घोषित नहीं किया जाता है। बोर्ड सभी स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों को ये निर्देश भी देता है कि किसी भी बच्चे को स्कूल या जिले का टॉपर घोषित न करें।

### पहला जरूरी, दूसरा एग्जाम ऑप्शनल

इस साल सीबीएसई ने कक्षा 10वीं की एग्जाम नए टू बोर्ड सिस्टम के तहत आयोजित की है। पहला बोर्ड एग्जाम (अनिवार्य) : 17 फरवरी से 11 मार्च 2026 को हुआ था। वहीं दूसरा बोर्ड एग्जाम (ऑप्शनल) है जो 15 मई से 1 जून 2026 तक होगा। इसका रिजल्ट बाद में जारी होगा।

### हरियाणा बोर्ड : 21 से होंगी द्वितीय वार्षिक परीक्षाएं

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत सैकेण्डरी/ सीनियर सैकेण्डरी (नियमित/ मुक्त विद्यालय) एवं गुरुकुल/ विद्यापीठ (पूर्व मध्यमा सह माध्यमिक/ उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक) की द्वितीय वार्षिक परीक्षा 21 अप्रैल से 1 मई, 2026 तक आयोजित करवाने का निर्णय लिया गया है। तिथि-पत्र व आवश्यक दिशा-निर्देश बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

हर पल आपके हाथ




आपकी पॉलिसियां, भुगतान और मन की शांति अब एक ही जगह पर।

- 360° पॉलिसी विवरण सभी जानकारी एक ही स्थान पर
- तुरंत पॉलिसी खोजें और खरीदें सरल, तेज़ और डिजिटल
- तुरंत पेपरलेस पॉलिसी लोन
- तेज़, सुरक्षित, पेपरलेस ई-केवाईसी
- प्रीमियम का तुरंत भुगतान करें
- पॉलिसी लाभों की त्वरित जानकारी
- पॉलिसी को ऑनलाइन अपडेट कीजिए
- बंद पॉलिसी को ऑनलाइन पुनर्चलित (रिवाइव) कीजिए

और भी कई विशेषताएँ...

LIC/R1/2026-27/01/Hin

क्यूआर कोड स्कैन कीजिए और ऐप अभी डाउनलोड कीजिए!
App Store पर उपलब्ध
Google Play पर इसे प्राप्त कीजिए

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

हमें यहाँ फ़ॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

**सुविचार**

मेहनत वो सुनहरी चाबी है, जो बंद भविष्य के दरवाजे भी खोल देती है।
- अज्ञात


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

3

समाचार ही नहीं, विचार भी




7 न्यूजीलैंड महिला फुटबॉल टीम विश्व कप के लिए क्वालीफाई

haribhoomi.com

**एचएसएससी ने साझा की जानकारी, मोबाइल फोन पर रहेगा प्रतिबंध**

## कांस्टेबल भर्ती : फिजिकल और स्क्रीनिंग टेस्ट के दौरान होगा आधार बेस्ड बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन

**सभी अभ्यर्थी अपना आधार कार्ड अनलॉक करवा लें**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा 5500 पुलिस कांस्टेबल भर्ती को लेकर हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एचएसएससी) की ओर से एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई है। कमीशन की ओर से सभी 2.70 लाख अभ्यर्थियों को बताया गया है कि फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट (पीएमटी) और फिजिकल स्क्रीनिंग टेस्ट (पीएसटी) के दौरान आधार बेस्ड बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन होगा। इसके अलावा इस दौरान मोबाइल फोन बैन रहेगा। आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह की ओर से अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर इसको लेकर एक वीडियो भी शेयर किया गया है, जिसमें कहा गया है कि सभी अभ्यर्थी अपना आधार कार्ड अनलॉक करवा लें। लॉक होने की होने स्थिति में अभ्यर्थियों को दिक्कत हो सकती है।

**आधार कार्ड क्यों होता है लॉक**

सुरक्षा कारणों से यूआईडीएआई की सुविधा के तहत आधार को लॉक/अनलॉक किया जा सकता है। अगर आपने खुद आधार लॉक किया है या सुरक्षा कारणों से लॉक हो गया है, तो ऑनलाइन या एमएमएस से अनलॉक किया जा सकता है। आधार लॉक होने पर बायोमेट्रिक से ऑथेंटिकेशन नहीं हो पाता।






# नारी शक्ति वंदन पर बढ़ी रार

**संसद का विशेष सत्र आज से होगा शुरू** / महिला आरक्षण बिल पर विपक्ष देगा साथ, परिसीमन के खिलाफ / खरगे ने कहा- लोकसभा की सीटें बढ़ाने के खिलाफ वोट करेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*संसद का विशेष सत्र 16 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है, जिसमें सरकार साल 2029 से पहले लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार तीन बड़े बिल पेश करने वाली है।*

लोकसभा में सीटें बढ़ाने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव का विपक्ष विरोध करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को विपक्षी नेताओं के साथ मीटिंग के बाद यह बात कही। मीटिंग खड़गे के घर पर हुई, जिसमें राहुल गांधी और टीएमसी, आरजेडी, शिवसेना (यूबीटी), एनसीपी (शरद गुट) और आप नेता भी शामिल हुए। खड़गे ने कहा कि हम महिला आरक्षण के खिलाफ नहीं है लेकिन सरकार इसे राजनीतिक कारणों से आगे बढ़ा रही है ताकि विपक्ष को दबाया जा सके। इसलिए हमने परिसीमन बिल के विरोध का निर्णय लिया है। पूरा विपक्ष बिल के खिलाफ वोट करेगा। सरकार 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद के विशेष सत्र में तीन बिल लाने वाली है। इनमें संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 शामिल हैं। सरकार का प्रस्ताव लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करना है। इनमें करीब 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

**विपक्ष की बैठक की 2 प्रमुख बातें**

- महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण दिया जाए। इसे मौजूदा लोकसभा की 543 सीटों के आधार पर 2029 के चुनाव से ही लागू किया जाए।
- सारी विपक्षी पार्टियां परिसीमन के प्रावधानों के बिल्कुल खिलाफ हैं। लोकसभा और राज्यसभा की बहस में भाग लेंगे और इसका विरोध करेंगे।



### तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन का प्रदर्शन का ऐलान



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने प्रस्तावित परिसीमन अभ्यास के खिलाफ 16 अप्रैल को पूरे राज्य में काले झंडे दिखाकर प्रदर्शन की घोषणा की और केंद्र को चेतावनी दी कि यदि उसने तमिलनाडु की आवाज पर ध्यान नहीं दिया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे और 'भारी कीमत' चुकानी पड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि परिसीमन की प्रक्रिया दक्षिणी राज्यों के खिलाफ है।

### प्रस्ताव का महिला आरक्षण से लेना-देना नहीं : राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा कि सरकार अब जो प्रस्ताव ला रही है, उसका महिला आरक्षण से कोई लेना-देना नहीं है। यह संशोधन, परिसीमन और चुनावी क्षेत्रों के मनमाने फेरबदल के जरिए सत्ता पर कब्जा करने की कोशिश है। हम ओबीसी, दलित और आदिवासियों के हिस्से की चोरी नहीं होने देंगे। साथ ही, हम दक्षिणी, उत्तर-पूर्वी, उत्तर-पश्चिमी और छोटे राज्यों के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने देंगे।

**यह एक पक्षपातपूर्ण कदम : विजय**

टीवीके अध्यक्ष विजय ने कहा कि परिसीमन केंद्र सरकार की तरफ से उठाया गया एक पक्षपातपूर्ण कदम है। संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026' पारित हो जाता है तो दक्षिणी और उत्तरी राज्यों के बीच प्रतिनिधित्व में आनुपातिक अंतर काफी बढ़ जाएगा।

**ऐसे होगा बदलाव**

**लोकसभा की सीटें 850 हो जाएंगी**

परिसीमन से लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 हो जाएंगी। राज्यों में 815 व केंद्र शासित क्षेत्रों के लिए 35 सीटें। इस बदलाव का असर राज्यसभा और देश की सभी विधानसभाओं पर भी होगा। यहां भी सीटें की संख्या बदल जाएंगी।

**273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित**

कुल सीटों में से 33% यानी 273 महिलाओं के लिए आरक्षित हो सकती हैं। महिलाओं के लिए यह आरक्षण 15 साल के लिए होगा। यानी 2029, 2034 और 2039 के लोकसभा चुनावों तक। इसके बाद इसे बढ़ाने का फैसला संसद करेगी। आरक्षित सीटें हर चुनाव में बदलती रहेंगी, ताकि महिलाओं का हर जगह प्रतिनिधित्व मिल सके। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए भी आरक्षण शामिल होगा। ये आरक्षित सीटें अलग-अलग क्षेत्रों में रोटेशन के आधार पर तय की जाएंगी।

**गर्मी बढ़ी, अभी हीट वेव की स्थिति नहीं**

## पारा 40 डिग्री पार, कल से बदलेगा मौसम, आंधी और बारिश के आसार

**रोहतक और फरीदाबाद में सबसे अधिक 40.5 डिग्री सेल्सियस पारा रिकॉर्ड किया गया**

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

अप्रैल माह अभी आधा ही बीता है और गर्मी ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। बुधवार को रोहतक और फरीदाबाद में सबसे अधिक 40.5 डिग्री सेल्सियस पारा रिकॉर्ड किया गया। जो सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस करनाल में दर्ज किया गया। दिनभर तेज धूप और उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया, जबकि शाम के समय हल्की बादलवाई से मौसम में मामूली बदलाव देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार 17 व 18 अप्रैल को एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में हल्का बदलाव हो सकता है। इस दौरान आंशिक बादल छाने, हल्की से मध्यम गति की हवाएं चलने और कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना है।

**बन रहा साइक्लोनिक सर्कुलेशन**

विशेषज्ञों के मुताबिक राजस्थान क्षेत्र में साइक्लोनिक सर्कुलेशन बनने से मौसम में यह बदलाव देखने को मिलेगा। इन दिनों हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है। साथ ही अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक और बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि फिलहाल हीट वेव जैसी स्थिति बनने के संकेत नहीं हैं।

**किसानों और बागवानों के लिए जरूरी सलाह**

बढ़ती गर्मी को देखते हुए कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। फलों के बागों में हल्की लेकिन नियमित सिंचाई करना जरूरी है, ताकि पौधों पर गर्मी का असर कम पड़े। साथ ही खाद प्रबंधन को संतुलित बनाए रखें। तेज हवाओं की संभावना को देखते हुए खेतों में कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर बांधकर रखने की सलाह दी गई है।

**गुरुग्राम में भूमि माफियाओं पर पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक**

## गैंगस्टर कौशल चौधरी की करोड़ों की अवैध संपत्ति पर चला बुलडोजर

**50 करोड़ का प्लॉट खाली कराया**

**गुरुग्राम (धर्मेंद्र)।** भूमि माफियाओं पर सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए गुड़गांव पुलिस ने हरिनगर, नाहरपुर और फाजिलपुर में तोड़फोड़ अभियान चलाया। पुलिस ने नाहरपुर में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की करीब 50 करोड़ की जमीन को गैंगस्टर कौशल चौधरी के कब्जे से मुक्त कराया। वहीं हरिनगर में महेंद्र यादव उर्फ माही, फाजिलपुर में नशा तस्कर भजन लाल उर्फ गजेपाल की संपत्ति को भी ध्वस्त किया गया। पुलिस व प्रशासनिक अमले ने गांव नाहरपुर में कुख्यात गैंगस्टर कौशल चौधरी की अवैध संपत्ति को चिन्हित किया था। जिसमें कौशल चौधरी ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन पर कब्जा किया हुआ था। गैंगस्टर कौशल चौधरी द्वारा अवैध रूप से जमीन पर कब्जा कर दूध की डेयरी बनाई हुई थी तथा इसका उपयोग संगठित अपराध गतिविधियों के संचालन एवं विस्तार के लिए किया। गैंगस्टर कौशल चौधरी पर हत्या, हत्या के प्रयास सहित अन्य संगीन अपराधों के करीब तीन दर्जन मामले दर्ज हैं। वर्तमान में वह जेल में बंद है।

## सम्राट चौधरी बने बिहार के 24वें सीएम जदयू से विजय व बिजेंद्र उप-मुख्यमंत्री

**लोकभवन में सुबह 11 बजे राज्यपाल ने दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ**



सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री



विजय चौधरी डिप्टी सीएम



बिजेंद्र प्रसाद डिप्टी सीएम

**पटना (एजेंसी)।** सम्राट चौधरी बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने लोकभवन में सुबह 11 बजे उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बिहार की नई सरकार में जदयू से विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने भी शपथ ली। दोनों को डिप्टी मुख्यमंत्री बनाया गया है। नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में मौजूद थे। बिहार में अभी मंत्रिमंडल का ऐलान नहीं किया गया है। सम्राट चौधरी के पास गृह समेत 29 विभाग रहेंगे। विजय चौधरी को 10 और बिजेंद्र यादव को 8 विभाग मिले हैं। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद यही विभाग बाकी मंत्रियों में बंटेंगे। तब तक तीनों मंत्री ही इनकी जिम्मेदारी संभालेंगे। मुख्यमंत्री के पिता शकुनी चौधरी ने कहा, 'कभी-कभी ईश्वर की कृपा होती है। आज अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नीतीश की कृपा से सम्राट आगे बढ़ गया।

**शपथ से पहले हनुमान मंदिर पहुंचे सम्राट**

सम्राट चौधरी ने सुबह पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा की थी। शपथ से पहले ही उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। सरकार में बदलाव सोमवार को नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के बाद हुआ। वे अब राज्यसभा सदस्य हैं। वे 20 साल बिहार के मुख्यमंत्री रहे।

## भारत की अर्थव्यवस्था में गिरावट, 6वें नंबर पर आया

**वजह- डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट**
**●**
**ब्रिटेन 5वें नंबर पर पहुंचा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली। भारत की इकोनॉमी दुनिया की रैंकिंग में 5वें नंबर से गिरकर 6वें नंबर पर आ गई है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) के अनुसार अब ब्रिटेन (यूके) एक बार फिर भारत से आगे निकल गया है। भारत की जीडीपी में ये गिरावट डॉलर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से आई है। इस साल की शुरुआत में डॉलर के मुकाबले रुपया 89.91 पर था जो अब 93.38 रुपये पर आ गया है। भारत की जीडीपी 2025 में 3.92 ट्रिलियन डॉलर और 2026 में 4.15 ट्रिलियन डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, ब्रिटेन की जीडीपी 2025 में 4 ट्रिलियन डॉलर और 2026 में 4.26 ट्रिलियन डॉलर रहने की उम्मीद है।

**गिरावट की वजहें :** बेस ईयर में बदलाव से इकोनॉमी के साइज में 2.8% से 3.8% तक की कमी आई है। वहीं, रुपये की कमजोरी से डॉलर के मुकाबले जीडीपी कम हो गई।

## शतरंज : रमेशबाबू ने जीता महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट



**वर्ल्ड चैंपियनशिप में चीन की जू वेनजुन से होगा मुकाबला**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की शतरंज खिलाड़ी वैशाली रमेशबाबू ने बुधवार को साइप्रस में फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया। दरअसल, वह इस खिताब को जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। 14 राउंड के इस मुकाबले में आखिरी राउंड में कतेरीना लाग्नो को हराकर उन्होंने खिताब पर कब्जा जमाया। इस खिताबी जीत के साथ ही उन्होंने इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का टिकट हासिल किया, जहां उनका सामना मौजूदा विश्व चैंपियन चीन की जू वेनजुन से होगा। टूर्नामेंट का आखिरी राउंड बेहद रोमांचक रहा, जिसमें एक समय छह खिलाड़ी खिताब की दौड़ में बनी हुई थीं। अंतिम मुकाबले से पहले वैशाली और कजाकिस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा 7.5-7.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर थीं। ऐसे में अंतिम राउंड निर्णायक बन गया। दबाव के बीच वैशाली ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और जीत हासिल करते हुए कुल 8.5 अंक के साथ टूर्नामेंट में पहला स्थान सुनिश्चित किया।

## 19 को साल्हावास पम्प हाउस का दौरा करेगा रावी-ब्यास ट्रिब्यूनल

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

हरियाणा सहित उत्तरी भारत के जल विवाद से जुड़े एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में रावी-ब्यास ट्रिब्यूनल 19 अप्रैल को झज्जर जिले के साल्हावास पम्प हाउस का दौरा करेगा। रावी-ब्यास नदी जल बंटवारे को लेकर हरियाणा पंजाब, दिल्ली और राजस्थान के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद के समाधान के लिए गठित यह ट्रिब्यूनल इस दौरे को बेहद अहम माना जा रहा है। सिंचाई विभाग ने साल्हावास गांव में जवाहरलाल नेहरू फीडर पर पम्प हाउस बना रखा। 3500 क्यूसिक के इस फीडर के पानी को पम्पहाउस से लिफ्ट करके झज्जर, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ के खेतों पहुंचा जाता है। यूं कहा जा सकता है कि फीडर दक्षिण हरियाणा की जीवनरेखा है।

**जल बंटवारे का अध्ययन कर रहा ट्रिब्यूनल**

ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष के रूप में जस्टिस नवनीत शरण, नेतृत्व कर रहे हैं, जबकि सदस्य के तौर पर जस्टिस पी नवीन राव और जस्टिस सुमन श्याम शामिल हैं। तीन सदस्यीय यह न्यायिक निकाय जल बंटवारे से जुड़े तकनीकी और भौगोलिक पहलुओं का गहन अध्ययन कर रहा है। साल्हावास पम्प हाउस का चयन इसलिए किया गया है क्योंकि यह क्षेत्र जल वितरण प्रणाली के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

## वार्ता के लिए असीम मुनीर पहुंचे तेहरान ईरान की समुद्री रास्ते बंद करने की धमकी

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव/वॉशिंगटन



**कहा- होर्मुज में नाकेबंदी जारी रही तो रेड सी, ओमान सागर और पर्शियन गल्फ में व्यापार रोकेंगे**

अमेरिका और ईरान के बीच जल्द दूसरे दौर की बातचीत हो सकती है। इसे लेकर पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर एक हाईलेवल डेलिगेशन के साथ तेहरान पहुंचे हैं। यह डेलिगेशन अमेरिका का संदेश लेकर आया है और अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत को लेकर चर्चा करेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वार्ता के दूसरे दौर का समय अभी तय नहीं हुआ है। उधर, ईरान ने दुनिया के 3 अहम समुद्री रास्ते बंद करने की धमकी दी है। उसने कहा है कि अगर अमेरिका ने होर्मुज और उसके बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखी, तो वह रेड सी, ओमान सागर और पर्शियन गल्फ (फारस की खाड़ी) में समुद्री व्यापार पूरी तरह रोक देगा। ईरानी सेना के केंद्रीय कमांड सेंटर चीफ अली अब्दोल्लाही ने कहा कि अमेरिकी पाबंदियां और ईरानी जहाजों व तेल टैंकरों की सुरक्षा को खतरे में डालने की कोशिशें उकसावे की कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए निर्णायक कार्रवाई करेगा। अमेरिका ने सोमवार से ईरानी बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकेबंदी लागू कर रखी है। यह कदम पाकिस्तान में हुई करीब 21 घंटे की अमेरिका-ईरान वार्ता के नाकाम रहने के बाद उठाया गया।

**सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर हुई सुनवाई**

**मैनेजमेंट बोला अयप्पा मंदिर रेस्टोरेंट नहीं**

## करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना मुश्किल, समाज सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं कर सकते : सुको

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में चौथे दिन सुनवाई हुई। मंदिर का मैनेजमेंट देखने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने कहा कि यह खिलौने की दुकान या रेस्टोरेंट का मामला नहीं है। यह आजन्म ब्रह्मचारी माने जाने वाले देवता का मंदिर है। टीडीबी का पक्ष रखते हुए एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा- 10 से 50 साल के उम्र की महिलाएं देवता के स्वरूप और पहचान के विपरीत हैं। भारत में अयप्पा के लगभग 1,000 मंदिर हैं। अगर महिलाओं को दर्शन करना है, तो वहां जाएं। उन्हें इसी खास मंदिर में क्यों आना है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना सबसे मुश्किल कामों में से एक है। साथ ही यह भी कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में 10 से 50 साल की महिलाओं की एंट्री पर बैन लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में इसे भेदभावपूर्ण बताते हुए बैन हटा दिया। इस फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गईं।

**यहां ब्रह्मचारी देवता, महिलाएं क्यों आना चाहती हैं**

**जनहित याचिका पर सवाल**

एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि धार्मिक मामलों में जनहित याचिका से बचना चाहिए। इससे बाहरी लोग परंपराओं में दखल देने लगते हैं। कोर्ट ने भी पूछा कि क्या कोई भी व्यक्ति आस्था से जुड़े नियमों को चुनौती दे सकता है।

**महिलाओं की एंट्री**

इसके विरोध वाले पक्ष ने कहा कि महिलाओं की एंट्री पर रोक परंपरा और भगवान अय्यप्पा की मान्यता से जुड़ी है। वहीं समर्थन करने वाले पक्ष ने इसे महिलाओं के बराबरी के अधिकार का मामला बताया।



**धार्मिक प्रथा की सीमा तय करने पर टकराव**

सिंघवी ने कहा कि कौन-सी प्रथा धार्मिक है, यह तय करने का अधिकार समुदाय का होना चाहिए, न कि कोर्ट का। इस पर जजों ने भी अपनी भूमिका की सीमा पर चर्चा की।

**धर्म बनाम सामाजिक सुधार पर बहस**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सामाजिक सुधार जरूरी है, लेकिन इसके नाम पर धर्म को कमजोर नहीं किया जा सकता। जजों ने साफ किया कि सुधार और धार्मिक मान्यता के बीच संतुलन जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### दुकानदार को गोली मारकर गाड़ी छीनने वाले को सात वर्ष कैद

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयवीर सिंह की अदालत ने गांव मलार निवासी मोबाइल शॉप संचालक को गोली मारकर गाड़ी छीनने के जुर्म में ऐंचरा कलां निवासी सोनू उर्फ सुनील को सात साल की कैद की सजा सुनाई है। सजा के अलावा दोषी को 21 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। अदालत में चले अभियोग के अनुसार गांव मलार निवासी राजेश ने सदर थाना सफीदों को दी शिकायत में कहा कि वह पानीपत में मोबाइल फोन की दुकान चलाता है। 19 नवंबर 2016 को वह अपनी कार में पानीपत से मलार गांव जा रहा था। शाम लगभग सात बजे वह सफीदों में स्थित भागो देवी अस्पताल के पास एक दुकान पर जूस पी रहा था। राजेश ने कहा कि उसी समय दो अज्ञात युवक उसके पास आए तो उससे गाड़ी की चाबी मांगी। जब उसने गाड़ी की चाबी देने से मना किया तो उसके पैर में गोली मार दी और कार लेकर फरार हो गया।

### पुलिस प्रताड़ना से तंग युवक थाने की दूसरी मंजिल से कूदा

**पानीपत।** पानीपत के चांदनी बाग थाने में पूछताछ के लिए बुलाए गए गांव उझा निवासी जितेंद्र ने थाने की दूसरी मंजिल से नीचे छलांग लगा दी। उसे रोहतक पीजीआई रेफर किया गया है। उसकी पत्नी अनीता ने बताया कि उसके पति जितेंद्र ने पारिवारिक विवाद के चलने चांदनी बाग थाने में शिकायत दी थी। उसके पति के पास 13 अप्रैल को थाने से फोन आया और आने को कहा। पति थाने पहुंचे तो वहां पहले से ही परिवार के अन्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे, जिन्होंने उसके पति पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। अनीता ने थाना चांदनी बाग के दो पुलिस कर्मियों समेत पति के परिजनों रूप चंद, सतपाल, रामरती, विकास व मोनू के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## कैथल व यमुनानगर में दहशत फैलाने वालों को सिखाया सबक

# मोबाइल शॉप पर फायरिंग के आरोपी का कैथल पुलिस ने किया एनकाउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

चीका में मोबाइल शॉप पर फायरिंग करने के मामले में कार्रवाई करते हुए स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट कैथल द्वारा आरोपी कीर्ति नगर कुरुक्षेत्र निवासी रजत का पबनावा में मंगलवार देर रात एनकाउंटर कर दिया। आरोपी के घुटने में गोली लगी है। उसे कैथल के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।

4 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे चानना रोड स्थित "गिल मोबाइल" शॉप पर दो अज्ञात युवकों ने मोटरसाइकिल पर आकर फायरिंग कर दी थी। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज कर लिया गया। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि प्राप्त सूचना के अनुसार आरोपी रजत पुनः कोई वारदात करने की फिराक में था। 14 अप्रैल को रात के समय पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर ढांड क्षेत्र में दबिश दी गई, जहां आरोपी बाइक पर भागने लगा तथा केएमपी 152डी पुल के पास पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आरोपी द्वारा पुलिस पर लगभग चार राउंड फायर किए गए। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में कार्रवाई की गई, जिसमें आरोपी के घुटने में गोली लगी और उसे मौके पर काबू कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध देसी पिस्तौल .32 बोर व 2 कारतूस तथा 4 खाली खोल बरामद किए गए हैं। उक्त मामले में आरोपी रजत की गिरफ्तारी पर हरियाणा पुलिस की तरफ से 5 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। आरोपी रजत के विरुद्ध पूर्व में जिला कुरुक्षेत्र व करनाल में दो आपराधिक मामले दर्ज हैं।



पुलिस की गोली से घायल आरोपी रजत।

### घिसट-घिसटकर कर करवाई निशानदेही

**यमुनानगर।** इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह की प्लाईवुड फैक्ट्री पर 30 मार्च को हुई ताबड़तोड़ फायरिंग के मामले में पुलिस जांच तेज हो गई है। घटनाक्रम में कुरुक्षेत्र निवासी आरोपी अमन उर्फ काकू को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर ले जाकर निशानदेही कराई। पैरों में चोट के कारण आरोपी चल नहीं पा रहा था और जमीन पर घिसटते हुए वारदात के मौका स्थल की निशानदेही करवाई। सीआईए-दो के प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि अमन की उम्र करीब 18 साल है और वह पेशे से प्लंबर है। पुलिस गिरफ्त से भागने के प्रयास में आरोपी के दोनों पैर में चोट लग गई थी। आरोपी से पूछताछ के दौरान मौके से पुलिस ने एक खाली कारतूस बरामद किया, जो उसे फायरिंग के एवज में दिए गए थे। जांच में सामने आया कि उसे और उसके साथियों को विदेश में बैठे गैंगस्टरों ने 40-50 हजार रुपये का लालच देकर इस वारदात के लिए तैयार किया था। कुछ रकम पहले दी गई थी, जबकि बाकी घटना के बाद मिलनी थी।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# बारातियों ने शराब न मिलने पर कर्मचारी की हत्या की

- फरीदाबाद के सेक्टर 3 में गुरुग्राम से आई थी बारात
- रात 12 बजे के बाद पास स्थित अहाते के कर्मी ने शराब देने से किया था मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

सेक्टर-3 स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान बीती रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब बारात में शामिल कुछ लोगों ने शराब न मिलने पर एक अहाता कर्मचारी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी बाराती मौके से फरार हो गए, जबकि पुलिस ने मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम से आई बारात में शामिल कुछ बाराती रात करीब 12 बजे के बाद शराब की मांग को लेकर पास के एक अहाते पर पहुंचे। वहां मौजूद कर्मचारी ने शराब देने से मना कर दिया, जिस पर बाराती भड़क गए और उन्होंने कर्मचारी आदेश यादव पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने आदेश को बेरहमी से पीटा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



फरीदाबाद। सेक्टर-3 स्थित इसी जगह पर की गई थी हत्या।

### चार बच्चों का था पिता तीन हैं बेटियां

मृतक उत्तर प्रदेश के इटावा-औरैया क्षेत्र का रहने वाला था। वह शादीशुदा था और उसके चार बच्चे हैं, जिनमें तीन बेटियां और एक बेटा शामिल है। परिवार की जिम्मेदारी उसके कंधों पर थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इस वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पानीपत में चाय बनाते समय सिलेंडर फटा जिंदा जला बुजुर्ग

**पानीपत।** पानीपत के भारत नगर में किराये के छोटे से कमरे में रह रहे 60 वर्षीय सोमपाल, एलपीजी सिलेंडर में ब्लास्ट होने के बाद कमरे में लगी आग में जिंदा जल गए। इधर, आग में जलने के दौरान सोमपाल की चीखें सुनकर आसपास निवास कर रहे लोग एकत्र हो गए और उन्होंने कमरे में पानी फेंककर आग को काबू किया। वहीं, आग काबू होने तक सोमपाल का कंकाल ही बरामद हुआ। पुलिस की जांच में पता चला कि सोमपाल कमरे में अकेले रहते थे। पुलिस की जांच में यह भी पता चला कि सोमपाल ने जैसे ही चाय बनाने के लिए गैस जलाई तो सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। इधर, पुलिस के साथ दमकल ने भी घटनास्थल की जांच की।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Sh. Sagar Sharma**
Civil Judge (Junior Division), Ganaur
**Saraswati Devi**
**Vs.**
**Smt. Anita**
Execution No. 41 of 06.12.2025
CNR No. HRSOA0-000665-2025
Next Date : 20.05.2026
It is therefore, prayed that the JD may be summoned and directed to restore the position of the gall in dispute after cutting the crops over the same and punished him according to U/O 21 Rule 32 CPC for his illegal above mentioned acts.
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**Smt. Anita widow of Late Mukesh son of Chander Bhan Village Bhurri, Tehsil Ganaur, District Sonipat.**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **20.05.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Ganaur
Dated, this day of 15.04.2026

### लिवासा अस्पताल मोहाली में एडवांस्ड रेडिएशन ऑन्कोलॉजी सेंटर का शुभारंभ




**मोहाली।** पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा ने बुधवार को लिवासा अस्पताल, मोहाली में एडवांस्ड रेडिएशन ऑन्कोलॉजी सेंटर का उद्घाटन किया। सेंटर में अत्याधुनिक रेडिएशन टेक्नोलॉजी उपलब्ध है, जिसका उद्देश्य होलिस्टिक और मल्टी-डिसीप्लिनरी अप्रोच के साथ सटीक, प्रभावी और पेशेंट सेंट्रिक कैंसर उपचार प्रदान करना है। सीईओ- लिवासा हॉस्पिटल्स, अनुराग यादव ने कहा कि एडवांस्ड रेडिएशन ऑन्कोलॉजी सेंटर का उद्घाटन विश्व स्तरीय कैंसर देखभाल प्रदान करने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस टीम में डायरेक्टर-मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. जतिन सरीन, डायरेक्टर-रेडिएशन ऑन्कोलॉजी डॉ. मीनाक्षी मित्तल, डायरेक्टर-सर्जिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. विजय बंसल व डॉ. शुभ महिंद्रू, सीनियर कंसलटेंट-मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. प्रियांशु चौधरी, सीनियर कंसल्टेंट-रेडिएशन ऑन्कोलॉजी डॉ. परनीत सिंह और कंसल्टेंट-क्लिनिकल हेमेटोलॉजी और बीएमटी डॉ. मुकेश चावला शामिल हैं।

# आप सांसद मित्तल के घर पर ईडी की रेड के पीछे राघव चड्ढा का हाथ : ढांडा

- कहा-उपनेता पद से हटाए जाने पर नाराज हैं राघव चड्ढा, बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व से मिले, तब मिली जेड प्लस सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़



पंजाब में आम आदमी पार्टी के सांसद और राज्यसभा में उपनेता डॉ. अशोक मित्तल के घर पर ईडी की रेड के लिए पार्टी ने सांसद राघव चड्ढा को जिम्मेदार बताया है। पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि डॉ. अशोक मित्तल के घर पर ईडी की रेड के पीछे राघव चड्ढा का हाथ है। ये चर्चा जोरों पर है कि कुछ दिन पहले राघव चड्ढा ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की थी। उसी बैठक में यह तय हुआ था कि डॉ. अशोक मित्तल के यहां ईडी की छापेमारी कराई जाएगी और इसी के साथ भाजपा का पंजाब में चुनाव अभियान का भी आगाज होगा। "आप" के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही डॉ. अशोक मित्तल को राज्यसभा में आम आदमी पार्टी का उपनेता बनाया गया। इससे पहले यह पद राघव चड्ढा के पास होता था। यह बताया जा रहा है कि राघव चड्ढा इस बात को लेकर बहुत नाराज थे कि उन्हें हटाकर डॉ. अशोक मित्तल को उपनेता क्यों बनाया गया? क्या यह महज संयोग हो सकता है कि राघव चड्ढा उस पद से हटे, डॉ. अशोक मित्तल उपनेता बने और उसके कुछ ही दिन बाद डॉ. अशोक मित्तल के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी हो गई तथा राघव चड्ढा को केंद्र सरकार की तरफ से जेड प्लस सुरक्षा मिल गई? क्या यह महज एक संयोग हो सकता है?

## 10 हजार रिश्वत लेते कृषि विभाग के 2 कर्मी धरे

**नूंह।** फिरोजपुर झिरका क्षेत्र में विजिलेंस विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गेहूं के सर्वे के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोप में कृषि विभाग के एक अधिकारी और एक कर्मचारी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। रीगढ़ निवासी फैसल पुत्र रियाजुद्दीन से खंड कृषि अधिकारी सुनील कुमार और सुपरवाइजर पंकज द्वारा दस हजार रूपये की रिश्वत की मांग की गई थी। शिकायत मिलने पर एसीबी ने बुधवार देर शाम कृषि विभाग कार्यालय में ट्रैप लगाकर दोनों आरोपियों को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए मौके पर ही पकड़ लिया। एसीबी की टीम उन्हें अपने साथ ले गई।

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. Neelam Jhajharia**
Civil Judge (Junior Division), Jhajjar
**1. Surender @ Satyawan 2. Om Parkash @ Leela Ram 3. Dharmender Ss/o Ramehar all R/o Village Dadanpur District Jhajjar**
**Vs.**
**Shamsher Singh etc**
Case No CS/496/2024
Next Date : 29.04.2026
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
**1. Rambir S/o Jage Ram 2. Kamlesh D/o Jagdish 3. Shakti S/o Rambir 4. Depak S/o Rambir 5. Santosh W/o Balwan Singh 6. Pushpener S/o Balwan 7. Parmila W/o Sandeep all R/o Village Dadanpur, District Jhajjar**
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **29.04.2026 at 10:00 a.m.**
Sd/- Neelam Jhajharia
Civil Judge (Junior Division), Jhajjar



**भारतीय खेल प्राधिकरण**
SPORTS AUTHORITY OF INDIA
**भारत सरकार** / GOVERNMENT OF INDIA
**खेल विभाग** / DEPARTMENT OF SPORTS
(AN AUTONOMOUS BODY UNDER MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS) **(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय)**
Room No. 210, SAI-Head Office Building, SAI-Headquarter, Jawaharlal Nehru Stadium Complex (East Gate-No. 10) Lodhi Road, New Delhi-110003
फाइल क्रमांक: 01-04001(01)/1/2026-66/150 दिनांक: 30.01.2026
**अधिसूचना**
**भारतीय खेल प्राधिकरण नियमित आधार पर प्रदर्शन विश्लेषक के पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है**
भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) 7वें सीपीसी के वेतनमान -6 (₹35400-₹112400/-) में 7 खेल विज्ञान विषयों में **प्रदर्शन विश्लेषक के 48 पदों** (सीधी भर्ती) के लिए पात्र आवेदकों से आवेदन आमंत्रित करता है।
उक्त पद का विवरण और अन्य प्रासंगिक जानकारी एसएआई की वेबसाइट https://sportsauthorityofindia.nic.in पर उपलब्ध है।
उपनिर्देशक (DEPUTY DIRECTOR)
मानव संसाधन प्रभाग II (HUMAN RESOURCES DIVISION -II)
भाखेप्रा मुख्य कार्यालय (SAI HEAD OFFICE)
CBC 47103/12/0002/2627

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## बैंक घोटाले में सन्नी ने कहा-मैंने चौधरी से मोटे ब्याज पर 70 करोड़ लोन लिया था, अब दे रहे धमकियां

**चंडीगढ़।** एंटी करप्शन ब्यूरो पंचकूला में दर्ज कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। मामले में सामने आए एक व्यक्ति सन्नी गर्ग ने अपना विस्तृत बयान एसीबी को ईमेल के माध्यम से भेजकर आरोप लगाया है कि उसे लगभग 70 करोड़ रुपये का लोन ऊंची ब्याज दर पर दिया गया था और बाद में उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकियां दी गईं। सन्नी गर्ग द्वारा भेजी गई ईमेल के अनुसार कोटक महिंद्रा बैंक के वाइस प्रेसीडेंट पुष्पिंदर चौधरी ने स्वाति तोमर और रजत के खातों के माध्यम से यह राशि बतौर एनसिक्योर लोन दी थी। सन्नी गर्ग की ईमेल के अनुसार 28 जनवरी 2026 को आयकर विभाग ने उसके आवास पर छापेमारी की थी, जिसमें उसने शपथपूर्वक बयान दर्ज कराया। इस दौरान व्हाट्सएप चैट समेत इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी जब्त किए गए, जिनमें कथित तौर पर लोन और ब्याज की मांग से संबंधित बातचीत शामिल है। सन्नी गर्ग ने यह भी कहा है कि उसने लोन की अधिकांश राशि बैंक और नकद माध्यम से वापस कर दी थी। हालांकि, आर्थिक नुकसान के चलते कुछ किस्तें समय पर नहीं चुका पाने पर आरोपी द्वारा उसे लगातार धमकाया जाने लगा। सन्नी गर्ग ने बयान में आरोप लगाया गया है कि आरोपी खुद को प्रभावशाली बताता था और पुलिसकर्मियों की सुरक्षा के साथ चलता था। साथ ही, उसने कथित तौर पर बड़े राजनेताओं, वरिष्ठ अधिकारियों और गैंगस्टरों से संबंध होने की बात कहकर डराया-धमकाया। सन्नी गर्ग के अनुसार, आयकर छापे के बाद आरोपी का रवैया और आक्रामक हो गया और उसने 10 फरवरी 2026 तक पूरी रकम ब्याज सहित लौटाने का दबाव बनाया। इस समय वह विदेश में है।

## क्रेडिट कार्ड के नाम पर ठगने वाले दो काबू

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने क्रेडिट कार्ड बनवाने के नाम पर ठगी करने के मामले में दो फोन कॉलर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान छग्गन सिंह व सुरेंद्र कुमार निवासी मां करणी नगर जयपुर के रूप में हुई है। सेक्टर-21ए फरीदाबाद निवासी एक युवती ने शिकायत दी कि 16 फरवरी को वेबसाइट के माध्यम से उसके साथ 27 हजार की ठगी हुई।

## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

**मु.न. 60 दिनांक 27.02.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना मुरथल जिला सोनीपत।**
**गुमशुदा की पहचान**
नाम - अमित।
पिता का नाम दिनेश।
पता - वासी गांव जैनपुर जिला सोनीपत हरियाणा।
उम्र - 35 वर्ष।
कद 5 फुट 7 ईन्च।
हुलियाः- रंग सांवला, हष्ट-पुष्ट शरीर, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आखें, लम्बी नाक है।
पहनावाः- सफेद रंग का शर्ट, सफेद रंग की पेंट व पैरों में काले रंग जूते पहने हुए है।



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.02.2026 को अमित पुत्र दिनेश वासी गांव जैनपुर जिला सोनीपत बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चला गया है। अब तक वापिस नहीं आया है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना मुरथल में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना - 7419410540
अनुसंधानकर्ता मो० न० 7015952434
कन्ट्रोल रुम सोनीपत-0130-2222903,100
अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।
पीआरडीएच-1084/11/4686/2027/44665/88/6 दि. 15.04.2026

## प्रेस नोट

हरियाणा निर्वाचन आयोग, पंचकुला की अधिसूचना संख्या No. SEC/IME/2026/936 dated 13-04-2026 के अनुसार नगरपालिका राजौन्द के वार्ड नं0 11 का उप-चुनाव 10.05.2026 को होना निश्चित हुआ है। जिसके तहत निम्न अनुसार चुनाव प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। अतः निम्न कार्यक्रम अनुसार दिनांक 16.04.2026 के समाचार पत्र में प्रकाशित करने का कष्ट करे।

| | | |
|---|---|---|
| (1) | Date on which notice shall be published by the Returning Officer for inviting nominations under Rule 20.(2) | 15-04-2026 (Wednesday) |
| (2) | Dates on which Nomination papers shall be presented under Rule 19(2)(i)&(ii) | 21-04-2026 (Tuesday) to 25-04-2026 (Satuarday) 11:00 A.M. to 03:00P.M. |
| (3) | Date on which the nomination papers shall be scrutinized under rule 19(2)(iii) | 27-04-2026 (Monday) 11:30 A.M. onwards. |
| (4) | Last date for withdrawal of candidature by a candidate under Rule 19(2)(vi) | 28-04-2026 (Tuesday) Between 11:00 A.M. and 03:00 P.M |
| (5) | Date on which symbols shall be allotted to the contesting candidates. | 28-04-2026 (Tuesday) After 03:00 P.M. |
| (6) | Date on which the list of contesting candidates shall be posted under Rule 19(2)(vii) | 28-04-2026 (Tuesday) |
| (7) | Date on which list of polling stations shall be posted under Rule 19(2)(viii) | 28-04-2026 (Tuesday) |
| (8) | Date on which the poll, if any, shall be held under Rule 19(2)(ix) | 10-05-2026 (Sunday) |
| (9) | Date of Re Poll if any required | 12-05-2026 (Tuesday) |
| (10) | Timing of the poll | Between 08:00A.M. and 06:00 P.M. |
| (11) | Date, Time & place on which the votes polled shall be counted | On 13-05-2026 (Wednesday) at 08:00 AM at the place specified by the Deputy Commisioner Concerned |
| (12) | Date on which the election would be declared | Immediately after the completion of counting |

हस्ता/-सचिव, नगरपालिका राजौन्द

## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ** — फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6197




**बाएँ से दाए**
1. असह्य, नागवार-5
4. कली-3
6. पराया, पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी, सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल, धोखा-3
16. पक्षी, उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा, पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत, मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल, जान-2
27. रसदार-3
28. जगत, दुनिया-2
29. नग, मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र, राधेय-3
5. वश, अधीन-2
7. संपूर्ण, पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली, शुद्ध-3
13. हठ करना, रोना -4
15. हारा हुआ, पराजित-3
16. मशवरा, सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना, स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी, चित-2
28. संपत्ति-2

### शब्द पहेली - 6196 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | ह | म | क | ■ | जा | य | दा | द | ■ |
| ल | ■ | क | म | र | ■ | न | म | न | ■ | अ |
| व | स | ■ | ता | त | ■ | का | ज | ■ | हा | र |
| कु | ली | न | ■ | ल | ह | र | ■ | रा | ज | मा |
| श | ब | न | म | ■ | म | ■ | आ | स | मा | न |
| ■ | ■ | ■ | सा | फ | स | फा | ई | ■ | ■ | ■ |
| अ | च | र | ज | ■ | फ | ■ | ना | ला | य | क |
| व | म | न | ■ | ह | र | म | ■ | ल | की | र |
| ता | न | ■ | स | जा | ■ | हा | र | ■ | न | त |
| र | ■ | क | र | म | ■ | व | ज | न | ■ | ब |
| ■ | ग | फ | ल | त | ■ | त | क | दी | र | ■ |



## कन्याकुमारी में प्रधानमंत्री ने रोड शो किया

# तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में द्रमुक की हार तय: मोदी

एजेंसी ▶▶ नागरकोइल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए राजग उम्मीदवारों के समर्थन में बुधवार को एक रोडशो किया और कहा कि अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाला गठबंधन 'निश्चित रूप से जीतेगा' जबकि सत्तारूढ़ द्रमुक की हार तय है। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव एडप्पाडी के. पलानीस्वामी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन और उनके पूर्ववर्ती के. अन्नामलाई के साथ कन्याकुमारी जिले के नागरकोइल में मोदी एक सजे-धजे वाहन के ऊपर खड़े होकर, सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में मौजूद लोगों का अभिवादन कर रहे थे।



### योग और मोटे अनाज समेत 9 संकल्प अपनाने की अपील



*मांड्या (कर्नाटक) (भाषा)। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को लोगों से 'विकसित कर्नाटक और विकसित भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, फिटनेस और सेवा समेत नौ सामूहिक संकल्प लेने की अपील की। मोदी ने कहा कि उनका पहला आग्रह जल संरक्षण और बेहतर जल प्रबंधन को लेकर है। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण, सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता, वोकल फॉर लोकल के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहित करने, रसायन मुक्त प्राकृतिक खेती अपनाने, मोटे अनाज के साथ स्वस्थ भोजन करने और तेल के कम उपयोग को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने मांड्या स्थित आदिचुंचनगिरि महासंस्थान मठ में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हम इन नौ संकल्पों पर ईमानदारी और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें, तो हम तेजी से विकसित कर्नाटक और विकसित भारत की दिशा में प्रगति कर सकते हैं।'*

### हमें 'दिल्ली टीम' को बिल्कुल खदेड़ देना है: उदयनिधि

ओट्टापिडारम/कोविलपट्टी। उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने एक बार फिर कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव तमिलनाडु और दिल्ली के बीच की लड़ाई है और इस दक्षिणी राज्य को दिल्ली को हराना ही होगा। उदयनिधि ने कहा, ''जैसा कि हमारे नेता (स्टालिन) बार-बार कहते हैं, यह चुनाव दिल्ली बनाम तमिलनाडु का है। हमें तमिलनाडु की टीम बनकर जीतना होगा। हमें दिल्ली की टीम को बिल्कुल खदेड़ना होगा।'' थूथुकुडी में 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव के सिलसिले में सभा को संबोधित करते हुए, उन्होंने मतदाताओं से राज्य के आत्मसम्मान की रक्षा के लिए भाजपा और उसके सहयोगियों को खारिज करने की अपील की।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा और टीएमसी में जुबानी जंग तेज

# स्मृति ईरानी ने की बंगाल में 'मातृ शक्ति भरोसा कार्ड' की शुरुआत

एजेंसी ▶▶ कोलकाता



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)की वरिष्ठ नेता स्मृति ईरानी ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त रहने, वित्तीय कुप्रबंधन करने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने वादा किया कि अगर भाजपा राज्य की सत्ता में आती है तो प्रत्येक महिला को 3,000 रुपये की मासिक नकद सहायता दी जाएगी।

स्मृति ने 'मातृ शक्ति भरोसा कार्ड' की शुरुआत करने के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि पर्याप्त केंद्रीय सहायता के बावजूद, राज्य अब भी 'कट मनी की संस्कृति' से ग्रस्त है। 'मातृ शक्ति भरोसा कार्ड' पश्चिम बंगाल में भाजपा की एक पहल है जिसके तहत महिलाओं को प्रति माह 3,000 की प्रत्यक्ष नगद सहायता प्रदान की जाएगी। यह प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना के रूप में तैयार की गई है।

### ममता बोलीं-केंद्रीय बलों ने मेरी कार की तलाशी लेने की कोशिश की

इस्लामपुर(प.बंगाल)(भाषा)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को दावा किया कि जब वह दिन में कोलकाता हवाई अड्डा जा रही थीं, तभी केंद्रीय बलों ने उनकी कार की तलाशी लेने की कोशिश की। मुख्यमंत्री से पहले, उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया था कि निर्वाचन आयोग ने उसके नेताओं के वाहनों की 'गहन तलाशी' लेने का आदेश दिया है। बनर्जी ने उत्तर दिनाजपुर जिले में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्रियों पर चुनाव वाले राज्य में 'पैसा लाने' और 'अपने पदों का दुरुपयोग करने' का भी आरोप लगाया। पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर कहा है कि उसके नेताओं को निशाना बनाकर उनकी गाड़ियों की जांच कराई जा रही है।



### टीएमसी ने नौकरी घोटाले में 300 करोड़ हड़पे: शाह

*कोलकाता (भाषा)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को संकल्प जताया कि भाजपा, तृणमूल कांग्रेस द्वारा 'भ्रष्टाचार के माध्यम से बंगाल की जनता से लूटी गई एक-एक पाई वसूल करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री पर दो दशकों तक सत्ता में रहने के बाद भी भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं है। उत्तरी बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के राजगंज में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सत्ता से जाना ''निश्चित'' है, लेकिन इस प्रक्रिया को शुरू करने का काम राज्य के उत्तरी क्षेत्रों से शुरू होगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आने के बाद तृणमूल नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करेगी, जिन्होंने 'शिक्षक भर्ती घोटाले में 300 करोड़ रुपये हड़पे' और उत्तर बंगाल के लिए केंद्र द्वारा स्वीकृत बाढ़ राहत कोष से '100 करोड़ रुपये चुराए।*



### बंगाल के लोग बदलाव के लिए बेताब : सीतारमण

*केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पश्चिम बंगाल चुनावों में भाजपा की जीत पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि लोग खुले तौर पर राज्य सरकार में बदलाव की मांग कर रहे हैं। सीतारमण ने आरोप लगाया कि बंगाल के लोग अच्छी स्थिति में नहीं हैं और बेहतर प्रशासन की मांग करते हुए बंगाल के बदलाव के लिए बेताब हैं। पश्चिम बंगाल के पूर्व वर्धमान में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हथकरघा कारीगर सुकुमार हलधर के घर भोजन किया। महिला आरक्षण बिल के बीच ममता द्वारा परिसीमन का मुद्दा उठाए जाने पर, केंद्रीय मंत्री सीतारमण ने कहा, क्या वह यह कहना चाह रही हैं कि महिलाओं को अभी और इंतजार करना पड़ेगा और वह सहयोग नहीं करेंगी? उन्हें यह बात खुलकर कहनी चाहिए। मैं उन्हें चुनौती देती हूं। क्या वह महिलाओं के लिए आरक्षण को रोकने की कोशिश कर रही हैं ।*



# जज के बच्चे सॉलिसिटर-जनरल के साथ काम करते हैं : केजरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा को फिर हटाने की मांग की
- आप नेता ने अदालत में एक और हलफनामा दायर किया

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश स्वर्णकांता शर्मा को उनके मामले में सुनवाई से अलग करने की मांग की है और एक हलफनामे में दावा किया है कि न्यायाधीश के बच्चे केंद्र सरकार के पैनल में शामिल वकील हैं और उन्हें सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के माध्यम से काम मिलता है। केजरीवाल ने आबकारी नीति मामले में उन्हें बरी किए जाने के खिलाफ जांच एजेंसी की याचिका पर सुनवाई से न्यायमूर्ति शर्मा को हटाए जाने का अनुरोध करने संबंधी अपने आवेदन के सिलसिले में एक अतिरिक्त हलफनामा दायर किया है। आवेदन में कहा गया है कि "इसमें हितों का सीधा टकराव" है, जिसने उनकी आशंका को 'और बढ़ा दिया' और यह सुनवाई से अलग करने के लिए आधार बनाता है। उन्होंने आगे मौखिक दलीलें और प्रत्युत्तर प्रस्तुत करने के लिए समय देने का भी अनुरोध किया और आशंका व्यक्त की कि न्यायमूर्ति शर्मा के समक्ष मामले की सुनवाई जारी रहने पर कानून द्वारा अपेक्षित पूर्ण न्यायिक स्वतंत्रता और निष्पक्षता नहीं हो पाएगी।

### शुभ से स्मार्ट तक: रिलायंस ज्वेल्स ने अक्षय तृतीया को किया नए सिरे से परिभाषित

*मुंबई। भारत के सबसे भरोसेमंद गहनों के ब्रांड्स में से एक, रिलायंस ज्वेल्स ने अक्षय तृतीया पर एक ताजा और मूल्य-आधारित दृष्टिकोण के साथ कदम रखा है। इस ब्रांड ने सोने और हीरे के नए कलेक्शन पेश किए हैं, जो त्योहारी खरीदारी को अधिक स्मार्ट और सुलभ बनाने के लिए तैयार किए गए हैं। ग्राहक सोने के गहनों पर मात्र 9 प्रतिशत मेकिंग चार्ज और हीरे के गहनों के सोने के मूल्य पर 99% की छूट का लाभ उठा सकते हैं यानी उन्हें केवल हीरों की कीमत चुकानी होगी। यह सचमुच एक बेमिसाल फेस्टिव ऑफ़र है। यह ऑफ़र 19 अप्रैल 2026 तक मान्य है। इस अक्षय तृतीया पर ग्राहक सोने और हीरे की बालियों, अंगूठियों, कंगनों और चेन सहित गहनों की विस्तृत श्रृंखला में से अपनी पसंदीदा गहने चुन सकते हैं। इस कलेक्शन में स्टड्स, हूप्स और स्लीक फिंगर रिंग जैसे रोज़मर्रा के पसंदीदा गहनों के साथ-साथ झुमकी, चाँदबाली, स्टेटमेंट नेकलेस और बारीक कारीगरी वाले कंगन जैसी फ़ेस्टिव स्टाइल गहने भी शामिल है।*



### एसआरएम विवि एपी में देश के पहले क्वांटम रेफरेंस सुविधा केंद्र की स्थापना सीएम नायडू ने की

*चेन्नई। विश्व क्वांटम दिवस के अवसर पर, एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी ने क्वांटम रेफरेंस फैसिलिटी (क्यूआरएफ) स्थापित करने वाला भारत का पहला और एकमात्र विश्वविद्यालय बनकर इतिहास रच दिया है, जिससे प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में एक साहसिक कदम आगे बढ़ा है। एक ऐतिहासिक क्षण में, क्यूआरएफ का औपचारिक उद्घाटन आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू द्वारा किया गया, जो न केवल एक संस्थागत उपलब्धि है, बल्कि भारत के क्वांटम भविष्य में एक महत्वपूर्ण अध्याय भी है। इस कार्यक्रम में सरकारी अधिकारियों ने शिरकत की, जिनमें भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रो. अभय करंदीकर; आंध्र प्रदेश सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी सचिव भास्कर कटमनेनी (आईएएस); भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद (ऑनलाइन) शामिल थे। इस कार्यक्रम में डीआरडीओ, डीवाईएसएल के वैज्ञानिक, एनएचटीएल और डीआरडीओ के महानिदेशक, आईआईटी तिरुपति, आईआईटी मद्रास और टीआईएफआर के निदेशक और वैज्ञानिक, डिमिरा, क्यूबीटेक, क्यूबिट फोर्स, क्यूट इलेक्ट्रॉनिक्स के संस्थापक, एसआरएम विश्वविद्यालय-आंध्र प्रदेश के नेतृत्वकर्ता, प्रो-चांसलर डॉ. पी. सत्यनारायणन और कुलपति प्रो. सी. सतीश कुमार सहित कई अतिथि उपस्थित थे।*

# ओएमसी ने दिया पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी आपूर्ति का आश्वासन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- 5 किलो फ्री ट्रेड सिलेंडरों की आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया

तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने हरियाणा भर के नागरिकों को आश्वस्त किया है कि पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की आपूर्ति स्थिर, पर्याप्त है और वर्तमान मांग को पूरी तरह से पूरा करने में सक्षम है। राज्य में किसी प्रकार की कमी की स्थिति नहीं है।

इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड़, पानीपत मंडल कार्यालय के हरियाणा राज्य स्तरीय समन्वयक , तेल उद्योग, अनिल कुमार सिंह ने बताया कि एलपीजी आपूर्ति की स्थिति आरामदायक बनी हुई है। प्रदेश भर में बॉटलिंग प्लांट्स पर एलपीजी का स्टॉक स्तर ऐतिहासिक मानकों के भीतर है, और पुनःपूर्ति योजनाबद्ध और निरंतर आधार पर की जा रही है। ओएमसी उपभोक्ताओं की आवश्यकता के अनुसार घरेलू एलपीजी सिलेंडर की मांग को पूरा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

इसके अतिरिक्त, प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति सरकार की नीति के अनुरूप पूर्व-संकट स्तर के 70% तक बनाए रखी जा रही है। प्रवासी मजदूरों के लिए 5 किलोग्राम फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति के माध्यम से विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन 2,000-2,500 सिलेंडरों का वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है, जो पूर्व-संकट स्तर के अनुरूप है।



## चिंतन

# महंगाई पर नियंत्रण, जीडीपी ग्रोथ में संतुलन आवश्यक

खाड़ी देशों में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव का असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। मार्च में थोक महंगाई दर (डब्ल्यूपीआई) का 3.88% तक पहुंच जाना केवल एक सांख्यिकीय वृद्धि नहीं, बल्कि आने वाले समय की आर्थिक चुनौतियों का संकेत है। फरवरी के 2.13% के मुकाबले 1.75% की यह तेज बढ़ोतरी यह दर्शाती है कि महंगाई का दबाव फिर से उभर रहा है। खासतौर पर यह तब और महत्वपूर्ण हो गया है, जब यह आंकड़ा पिछले 38 महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। थोक महंगाई दर को अक्सर भविष्य की खुदरा महंगाई का संकेतक माना जाता है। ऐसे में यह स्थिति नीति-निर्माताओं के लिए दोहरी चुनौती लेकर आती है। एक ओर विकास की रफ्तार को बनाए रखना तथा दूसरी ओर महंगाई पर नियंत्रण रखना, इन दोनों में संतुलन बेहद जरूरी है। बढ़ती महंगाई के पीछे प्रमुख कारणों में खाड़ी क्षेत्र का तनाव भी शामिल है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक खाड़ी देशों पर निर्भर है। कच्चा तेल, गैस और उर्वरकों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आता है। जब इस क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ती है, तो वैश्विक बाजार में इन संसाधनों की कीमतों में उतार-चढ़ाव आता है, जिसका सीधा असर लागत और महंगाई पर पड़ता है। हालांकि, इस चुनौती के बीच भारत के लिए अच्छी बात यह है कि विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों ने सकारात्मक संकेत दिए हैं। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी विशाल जनसंख्या और मजबूत घरेलू मांग है। देश में उत्पादित वस्तुओं की खपत करने की क्षमता ही विकास के पहिए को निरंतर गति देती है। यही कारण है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत अपेक्षाकृत स्थिर बना रहता है। इसके अलावा, भारत ने हाल के वर्षों में अपने आयात और निर्यात के क्षेत्र में उल्लेखनीय विविधिकरण किया है। खाड़ी देशों पर निर्भरता कम करने के प्रयासों के तहत भारत ने अफ्रीका, यूरेशिया और अन्य उभरते बाजारों की ओर रुख किया है। इससे न केवल ज्वेलरी जैसे भारतीय उत्पादों को नए बाजार मिले हैं, बल्कि ऊर्जा और उर्वरक जैसे आवश्यक संसाधनों के लिए वैकल्पिक स्रोत भी विकसित हुए हैं। यह रणनीति लंबे समय में भारत को वैश्विक झटकों से बचाने में सहायक साबित हो सकती है। खाड़ी क्षेत्र में किसी भी तरह की बड़ी अस्थिरता का असर तुरंत वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ता है। यदि कच्चे तेल की कीमतें लगातार बढ़ती हैं, तो इसका असर परिवहन, उत्पादन और अंततः हर उपभोक्ता वस्तु की कीमत पर पड़ता है। यही 'कॉस्ट-पुश इंफ्लेशन' का सबसे बड़ा खतरा है। बता दें कि मार्च 2026 में 3.88% की वृद्धि का मुख्य कारण कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस की कीमतों में तेज वृद्धि है। इस अवधि में ब्रेंट क्रूड की कीमतों में लगभग 45% और प्राकृतिक गैस में 69% तक का उछाल देखा गया। हालांकि अब अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता शुरू होने और युद्ध बंद होने के बाद दोनों देशों ने दोबारा वार्ता शुरू करने और युद्ध नहीं करने की इच्छा जताई है। देर से ही सही, दोनों देश किसी न किसी अंतरिम समझौते पर पहुंच ही जाएंगे। यह दुनिया को राहत देने वाला होगा। इससे तेल की कीमतों में नरमी आएगी और देश में तेल महंगा नहीं होगा। महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। खाड़ी तनाव के इस दौर में भारत के सामने चुनौती जरूर है, लेकिन उसकी आर्थिक नीतियों की मजबूती, विविधीकरण की रणनीति और घरेलू मांग की ताकत यह भरोसा भी दिलाती है कि देश इस परीक्षा से पार पा सकता है। जरूरत सिर्फ संतुलन, सतर्कता और सही दिशा में निरंतर प्रयास की है।

# सुरक्षा, सम्मान, स्वाभिमान और अब भागीदारी



**अधिनियम**
नितिन नवीन

> यह विधेयक केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया मात्र नहीं है, बल्कि हमारे समाज की बुनियादी सोच को नया आयाम देने वाला एक ऐतिहासिक समय है। सितंबर 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के रूप में जिस यात्रा का श्रीगणेश हुआ था, वह अब निर्णायक मोड़ पर है। यह अधिनियम सुनिश्चित करेगा कि अगले आम चुनाव से देश की सर्वोच्च पंचायत, संसद एवं तमाम विधान मंडलों में नारी शक्ति की पूर्ण सहभागिता हो और नीति-निर्धारण में उनका स्वर एक-तिहाई भागीदारी के साथ मजबूती से सम्मिलित हो। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। उन्होंने महिलाओं की गरिमा और उनके सशक्तिकरण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया।

निश्चित ही यह अवसर ऐतिहासिक है। आज से भारतीय संसद तीन दिवसीय सत्र में एक ऐसे युगांतरकारी विधेयक पर चर्चा कर रही है, जो हमारे विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार की यह पहल सभी राजनीतिक दलों के समर्थन की उम्मीद रखती है। यह उम्मीद इसलिए है क्योंकि यह विधेयक केवल एक संवैधानिक प्रक्रिया मात्र नहीं है, बल्कि हमारे समाज की बुनियादी सोच को नया आयाम देने वाला एक ऐतिहासिक समय है। सितंबर 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के रूप में जिस यात्रा का श्रीगणेश हुआ था, वह अब निर्णायक मोड़ पर है। यह अधिनियम सुनिश्चित करेगा कि अगले आम चुनाव से देश की सर्वोच्च पंचायत, संसद एवं तमाम विधान मंडलों में नारी शक्ति की पूर्ण सहभागिता हो और नीति-निर्धारण में उनका स्वर एक-तिहाई भागीदारी के साथ मजबूती से सम्मिलित हो।

प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वाभिमान को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। उन्होंने महिलाओं की गरिमा और उनके सशक्तिकरण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाया। हमारी सरकार ने महिलाओं के जीवन के हर चरण में उनके सशक्तिकरण के लिए योजनाओं का एक व्यापक तंत्र तैयार किया है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ-बेटियों के प्रति सोच बदली, उनका आत्मविश्वास और अवसर दोनों बढ़े।

**मुद्रा योजना**-महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया।
**प्रधानमंत्री आवास योजना**-घर की लक्ष्मी को घर का मालिकाना अधिकार मिला।
**सुकन्या समृद्धि योजना**- बेटियों का भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित हुआ।
**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना** - महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली, जीवन स्तर बढ़ा।
**मिशन इंद्रधनुष** - टीकाकरण से माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हुआ और सुरक्षित जीवन की नींव मजबूत हुई।
**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना** - गर्भवती माताओं को पोषण और आर्थिक सहारा मिला, जिससे उनका स्वास्थ्य सुदृढ़ हुआ।
**ट्रिपल तलाक** - मुस्लिम महिलाओं को अन्याय से मुक्ति मिली और उनका आत्मसम्मान व अधिकार मजबूत हुए।
**नल से जल** - घर तक जल पहुंचने से महिलाओं का जीवन अधिक सहज हुआ।
**लखपति दीदी** - महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनीं और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ीं। यह सब उदाहरण, महिला सशक्तिकरण के प्रति हमारी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का ही प्रमाण है। अब नीति-निर्धारण में उनकी सक्रिय भूमिका के लिए प्रधानमंत्री मोदी 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लेकर आए हैं।

यह केवल आश्वासन नहीं है, उनकी स्पष्ट दृष्टि है कि वर्ष 2029 से संसदीय प्रणाली में महिलाओं की 33 प्रतिशत मौजूदगी रहे, वे सशक्त हों, नीति निर्धारण में उनकी सशक्त भूमिका हो और वे देश की मुखर आवाज बनें। ध्यान दिया जाए तो पता लगेगा कि यह संसद में



महिलाओं की संख्या को बढ़ाने मात्र का ऊपरी प्रयास नहीं है, बल्कि हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक, ऐतिहासिक परम्परा और एक शब्द में कहें तो उस आधुनिक सनातनी विचार प्रणाली में एक शोधन है, जिसकी बुनियाद में गार्गी, मैत्रेयी, अरुंधती, अपाला, घोषा, विश्ववारा, सुलभा, सीकता और शाश्वती आदि अनेक ऋषि-नारियों ने वेद संहिताओं के रचने से लेकर जीवन के अनेक क्षेत्रों में अपनी सूक्ष्म दृष्टि, उदात्त चिन्तन और विलक्षण मेधा का परिचय दिया है।

आधुनिक भारत के निर्माण की पृष्ठभूमि में जहां अहिल्याबाई जैसी उदार चेता राजमहिषी ने अपने प्रशासनिक कौशल और जनकल्याण के मानक स्थापित किए, वहीं झांसी की रानी ने मातृभूमि और राष्ट्र प्रेम के लिए अपने प्राणोत्सर्ग से विश्व इतिहास में भारतीय नारियों के बलिदान-भाव की मिसाल कायम की। वर्तमान भारत के निर्माण में भी हमारी बेटियों का योगदान अद्वितीय है। सावित्रीबाई फुले के समाज सुधार, डॉ. आनंदी गोपाल जोशी के चिकित्सा संघर्ष से, 'मिसाइल वुमन' टेसी थॉमस के वैज्ञानिक पराक्रम तक, हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है। खेल के मैदान में पी.वी. सिंधु, मैरीकॉम और मिताली राज और साइना नेहवाल ने तिरंगे की शान बढ़ाई है, तो कला और संगीत के संसार में लता मंगेशकर और आशा भोसले जैसी सुर साम्राज्ञियों ने अपनी स्वर साधना से विश्व में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। यह सूची अनंत है, जो प्रमाणित करती है कि स्त्री शक्ति जीवन के हर क्षेत्र में निर्णायक भूमिका में है। संसद में महिलाओं के लिए स्थान आरक्षित करने का यह निर्णय 'वैदिक गरिमा' और 'आधुनिक प्रगति' का सुंदर संगम है। इसमें 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास' की पवित्र भावना शामिल है।

यह विधेयक उन करोड़ों माताओं-बहनों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने परिवार और समाज के निर्माण में स्वयं को खपा दिया। इस बदलाव का क्रांतिकारी प्रभाव हमारे ग्रामीण भारत पर पड़ेगा, जहां महिलाएं अब नेतृत्वकारी भूमिका में उभरेंगी। यह सक्रिय भागीदारी सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए ऐसा वातावरण बनाएगी, जहां बेटियां केवल सपने नहीं देखेंगी, बल्कि उन्हें साकार करने का सामर्थ्य और वैधानिक अधिकार भी रखेंगी। इस विधेयक को लेकर सरकार की मंशा कितनी पवित्र है, इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया कि यह अधिनियम किसी एक पार्टी के एजेंडा की जीत नहीं, बल्कि सभी के प्रयासों की जीत है। सारा क्रेडिट हिंदुस्तान के सभी राजनीतिक दलों को है, जो पिछले तीन-चार दशकों से लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। हमारी संसद देश के प्रबुद्ध और उत्तरदायी जनप्रतिनिधियों का मंदिर है। राष्ट्र की जनता हमारी हर गतिविधि और सरोकार को सूक्ष्मता से परखती है। माननीय सांसदों से यह विनम्र अपेक्षा है कि वे राष्ट्र के सामूहिक मन को समझें। आज समय की मांग है कि हम दलगत सीमाओं से ऊपर उठें। एक विनम्र कार्यकर्ता और इस महान संस्था के सदस्य के नाते मेरी अपील है कि इस नारीशक्ति के सामर्थ्य और स्वालंबन के 'अभिषेक अनुष्ठान' में अपने समर्थन की आहूति अर्पित करें। यह सामूहिक प्रयास ही यह सुनिश्चित करेगा कि भविष्य का भारत न केवल आर्थिक रूप से, बल्कि सामाजिक न्याय और नारी गौरव के मामले में भी विश्व का नेतृत्व करने में सक्षम है। हमारा सामूहिक प्रयास ही समर्थ और सशक्त भारत के निर्माण में मातृशक्ति की निर्णायक भूमिका तय करेगा।

( लेखक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम**
सुमन सैनी



# सशक्त भारत की ओर एक ऐतिहासिक कदम

भारत में महिलाओं की भूमिका सदियों से महत्वपूर्ण रही है, लेकिन सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में उन्हें बराबरी का स्थान दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहे हैं। इसी दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल के रूप में सामने आया है। यह अधिनियम न केवल महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व प्रदान करता है, बल्कि उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का अवसर भी देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाएं और नीतियां लागू की हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को राजनीति में अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। यह अधिनियम भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को और अधिक समावेशी बनाता है, जहां महिलाओं की आवाज को समान महत्व मिलता है। इससे महिलाओं को नीति निर्माण और प्रशासनिक निर्णयों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। यह अधिनियम महिलाओं को केवल प्रतिनिधित्व नहीं देता, बल्कि उन्हें नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई मंचों पर यह स्पष्ट किया है कि "नारी शक्ति" भारत की प्रगति का आधार है। उनका मानना है कि जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी देश तेजी से विकास करेगा। उनके नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं को "लाभार्थी" से "निर्माता" बनाने की दिशा में काम किया है। यानी महिलाएं अब केवल योजनाओं का लाभ लेने वाली नहीं, बल्कि देश के विकास में सक्रिय भागीदार बन रही हैं। केंद्र सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाएं और नीतियां लागू की हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना का उद्देश्य बालिका जन्म दर में सुधार करना और लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देना है। इससे समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हुई है। हर घर-हर गृहिणी योजना के तहत गरीब महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए, जिससे उन्हें धुएं से मुक्ति मिली और उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ। जन-धन योजना के माध्यम से महिलाओं के बैंक खाते खोले गए, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बनीं और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके स्वास्थ्य और पोषण का ध्यान रखा गया है। सुकन्या समृद्धि योजना बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए शुरू की गई, जिसमें उनकी शिक्षा और विवाह के लिए बचत की जाती है।

मोदी सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण ने महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा को बढ़ाया है। महिला स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देकर उन्हें स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए गए। डिजिटल इंडिया अभियान के तहत महिलाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया, जिससे वे ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकें। राजनीति में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी नारी शक्ति व वंदन अधिनियम के लागू होने से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की संख्या बढ़ेगी और महिला नेताओं को नए अवसर मिलेंगे। नीति निर्माण में महिलाओं का दृष्टिकोण शामिल होगा। मोदी सरकार का यह कदम भारतीय लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाएगा। यह अधिनियम केवल राजनीतिक सुधार नहीं है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी है। महिलाओं के प्रति समाज की सोच बदलेगी तथा लड़कियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। यह महिलाओं को समान अधिकार और अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अधिनियम के लागू होने का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि शासन की प्राथमिकताओं में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। जब निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती है, तो शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, जल और स्वच्छता जैसे विषय अधिक प्राथमिकता के साथ सामने आते हैं। आज की महिला केवल घर तक सीमित नहीं है, बल्कि हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है। नारी शक्ति व ंदन अधिनियम इसी बदलाव को और गति देगा और भारत को एक सशक्त, समावेशी और प्रगतिशील राष्ट्र बनान में अहम भूमिका निभाएगा। "जब नारी सशक्त होगी, तभी राष्ट्र सशक्त होगा"-यही इस अधिनियम का मूल संदेश है।

( लेखिका उपाध्यक्ष, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
**दर्शन**

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं। आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'


## कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा



संकलित
**प्रेरणा**

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोला- अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछा- आप कौन हैं? सर्प ने कहा- अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूं। उस तक पहुंचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूं। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहा- भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहा- कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमे अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### समाज को जोड़ने की ताकत रखती है कला

प्रतिवर्ष 15 अप्रैल विश्व कला दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व कला दिवस हमें यह सिखाता है कि कला केवल सौंदर्य नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने, समझने और बदलने की ताकत भी रखती है। कला ने विकास, क्रांति, स्वतंत्रता और रचनात्मकता के संदेशों को संप्रेषित करने और वैश्विक मुद्दों को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कला में वह ताकत है जो हमें जीवन की सबसे कठिन परिस्थितियों में भी एकजुट और संलग्न कर सकती है। कला केवल एक सुंदर चित्र या पेंटिंग मात्र ही नहीं है, बल्कि यह तो हमारे समाज की धड़कन है, स्थानीय और वैश्विक समुदायों में वे जो परिवर्तन देखना चाहते हैं, उसका हृदय है। वास्तव में यह दिन कला और रचनात्मकता को बढ़ावा देने का है।

*- रेखा वर्मा, अंबाला*

## ट्रेंड

### करुणा की भावना



तकनीक कितनी भी उन्नत क्यों न हो जाए, वह करुणा, ईमानदारी और रोगी-केंद्रित दृष्टिकोण का स्थान नहीं ले सकती। करुणा की भावना को हमेशा बनाए रखें, क्योंकि यही आपको न केवल अच्छा डॉक्टर बनाती है, बल्कि एक अच्छा इंसान भी बनाती है।

**- द्रौपदी मुर्मू**, राष्ट्रपति

### हादसे की जांच जरूरी



छत्तीसगढ़ स्थित वेदांता पावर प्लांट में हुए भयावह हादसे की खबर बेहद दुखद है। इस घटना की गहन जांच होनी चाहिए। हमारे श्रमिक भाइयों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान दें।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### संशोधन विधेयक



कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिला आरक्षण का समर्थन करती रही है। हालांकि, एनडीए सरकार द्वारा महिला आरक्षण की आड़ में 131वें संवैधानिक संशोधन विधेयक को जल्दबाजी में पारित करने की तैयारी से स्वाभाविक रूप से संदेह पैदा होता है।

**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### महिलाओं की सुरक्षा



भाजपा शासित उत्तर प्रदेश के चित्रकूट में सामूहिक बलात्कार की शिकार एक दलित लड़की ने न्याय न मिलने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। भाजपा शासन में महिलाओं की सुरक्षा की यही वास्तविकता है; बाकी सब दिखावा और झूठा प्रचार है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# कैलिफोर्निया विधानसभा ने बैसाखी को दी मान्यता



कैलिफोर्निया विधानसभा ने एक प्रस्ताव पारित कर बैसाखी को सिख-अमेरिकियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिनों में से एक के रूप में मान्यता दी है और राज्य के लोगों को बैसाखी के पर्व पर होने वाले कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह प्रस्ताव विधानसभा सदस्य जसमीत कौर बैंस द्वारा पेश किया गया, जिसे 80 सदस्यीय सदन में से 76 सदस्यों का समर्थन मिला और इसे बैसाखी की पूर्व संध्या पर सोमवार को पारित किया गया। कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम ने 'एक्स' पर एक पोस्ट किया, ' 'कैलिफोर्निया में बैसाखी मना रहे सिख समुदायों को मेरी ओर से नववर्ष और भरपूर फसल के लिए शुभकामनाएं। बैसाखी दीयां लख-लख बधाइयां।' प्रस्ताव में कहा गया है कि विधानसभा 14 अप्रैल 2026 को मनाई जा रही बैसाखी को मान्यता देती है और इसे सिख इतिहास व सिख-अमेरिकियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दिवस मानते हुए इस अवसर पर गहरा सम्मान व्यक्त करती है। साथ ही, इसमें दुनिया भर के दक्षिण एशियाई समुदायों और प्रवासी भारतीयों के साथ इस उत्सव को मनाने वालों के प्रति सम्मान जताया गया। अमेरिका के कई नेताओं ने भी सिख समुदाय को बधाई दी।

## ऑफ बीट

# कैसे स्तनपायी युग समाप्त हुआ होगा



पिछले 50 करोड़ वर्षों में हमारे ग्रह ने कुल पांच बार जीवों की विशाल महाविलुप्ति देखी है। इनमें से पर्मियन-ट्राइऐसिक विलुप्ति घटना में पृथ्वी की तत्कालीन करीब 90 प्रतिशत प्रजातियां विलुप्त हो गई थीं। इनमें से अधिकांश घटनाएं एक 'सुपरकॉन्टिनेंट' के निर्माण के साथ मेल खाती हैं, जहां पृथ्वी की टेक्टॉनिक प्लेटें धीरे-धीरे एक साथ आती हैं और संयोजित होती हैं। वैज्ञानिकों का पूर्वानुमान है कि पृथ्वी के महाद्वीप अगले 25 करोड़ साल में फिर से एक साथ मिलकर 'सुपरकॉन्टिनेंट' बनाएंगे जिसे 'पैंजिया अल्टिमा' नाम दिया गया है। इसका संकेंद्रण विषुवत रेखा के पास होगा और यह गर्म महाद्वीप होगा। अध्ययन के मुताबिक 'पैंजिया अल्टिमा' की परिस्थितियां अधिकतर स्तनधारियों के जीवित रहने के लिए विपरीत होंगी। इस 'सुपरकॉन्टिनेंट' के बनने से अधिक ज्वालामुखी गतिविधि होगी, और बूढ़ा होता सूर्य पृथ्वी पर अधिक विकिरण उत्सर्जित करेगा। इसके परिणामस्वरूप भूमि की सतह का तापमान अत्यधिक हो जाएगा, जिससे महाद्वीप का अधिकांश भाग एक विशाल, गर्म रेगिस्तान में बदल जाएगा, जो विज्ञान-कल्पना महाकाव्य ड्यून के रेगिस्तानी ग्रह 'अराकिस' की याद दिलाता है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### आईपीएल : रसिख ने चार और भुवनेश्वर ने तीन विकेट झटके

# लखनऊ को पांच विकेट से हरा बेंगलुरु शीर्ष पर पहुंचा

भाषा ▶▶| बेंगलुरु



सिख सलाम और भुवनेश्वर कुमार की तूफानी गेंदबाजी के बाद विराट कोहली की अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स को पांच विकेट से हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। सुपर जाइंट्स के 147 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कोहली की 34 गेंद में छह चौकों और एक छक्के से 49 रन की पारी की बदौलत 29 गेंद शेष रहते पांच विकेट पर 149 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कोहली ने देवदत्त पडिक्कल (10) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन भी जोड़े। सुपर जाइंट्स की ओर से प्रिंस यादव (32 रन पर तीन विकेट) ने तीन जबकि आवेश खान (23 रन पर दो विकेट) ने दो विकेट चटकाए लेकिन अपनी टीम को पांच मैच में तीसरी हार से नहीं बचा पाए। इस जीत से बेंगलुरु की टीम पांच मैच में चार जीत से आठ अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। राजस्थान रॉयल्स के भी आठ अंक हैं लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण शीर्ष पर है। रसिख (24 रन पर चार विकेट) और भुवनेश्वर (27 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सुपर जाइंट्स की टीम पारी की अंतिम गेंद पर 146 रन पर सिमट गई। कृणाल पंड्या ने भी 38 रन देकर दो विकेट हासिल किए। सुपर जाइंट्स की ओर से सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने सर्वाधिक 40 रन बनाए जबकि मुकुल चौधरी ने 39 और आयुष बडोनी ने 38 रन का योगदान दिया लेकिन तीनों में से कोई भी अच्छी शुरुआत को बड़ी परी में नहीं बदल पाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे बेंगलुरु को कोहली ने तेजतर्रार शुरुआत दिलाई। टीम ने दूसरे ओवर में ही फिल सॉल्ट (07) का विकेट गंवा दिया जो प्रिंस यादव की गेंद को विकेटों पर खेल गए। कोहली ने आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने तीसरे ओवर में मोहम्मद शमी पर दो चौके जड़ने के बाद अगले ओवर में प्रिंस पर चार चौके मारे। कोहली ने दिग्वेश राठी पर छक्के के साथ पांचवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। टीम ने पावर प्ले में एक विकेट पर 60 रन बनाए।

देवदत्त पडिक्कल हालांकि 10 रन बनाने के बाद आवेश खान की गेंद पर स्थानापन्न खिलाड़ी हिम्मत सिंह को कैच दे बैठे। कप्तान रजत पाटीदार ने आते ही शमी पर लगातार दो छक्के मारे। आवेश ने इसके बाद बेंगलुरु को बड़ा झटका दिया जब कोहली उनकी गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लॉन्ग ऑन पर निकोलस पूरन को कैच दे बैठे। जितेश शर्मा ने राठी की लगातार गेंदों पर दो छक्के और दो चौकों के साथ 12वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया।

#### लखनऊ-146/10

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मिचेल मार्श बो कृणाल | 40 |
| मारक्रम का पडिक्कल बो रसिख | 12 |
| ऋषभ पंत का सॉल्ट बो भुवनेश्वर | 01 |
| निकोलस पूरन बो हेजलवुड | 01 |
| आयुष बडोनी का जितेश बो रसिख | 38 |
| समद का पाटीदार बो कृणाल | 00 |
| मुकुल चौधरी बो रसिख | 39 |
| जॉर्ज लिंडे का डेविड बो भुवनेश्वर | 07 |
| मोहम्मद शमी बो भुवनेश्वर | 00 |
| आवेश खान बो रसिख | 01 |
| दिग्वेश राठी नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 07

कुल:20 ओवर में सभी विकेट खोकर: 146 रन

विकेट पतन: 1-32, 2-35, 3-71, 4-83, 5-118, 6-124, 7-137, 8-137, 9-145

गेंदबाजी: भुवनेश्वर 4-0-27-3, हेजलवुड 4-0-20-1, रसिख 4-0-24-4, कृणाल 4-0-38-2, सुयश 4-0-34-0,

#### बेंगलरु-149/5

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फिल सॉल्ट बो प्रिंस | 07 |
| कोहली का पूरन बो आवेश | 49 |
| पडिक्कल का हिम्मत बो आवेश | 10 |
| रजत पाटीदार का राठी बो प्रिंस | 27 |
| जितेश शर्मा का चौधरी बो प्रिंस | 23 |
| टिम डेविड नाबाद | 14 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 14 |

अतिरिक्त:05

कुल:15.1 ओवर में पांच विकेट पर: 149 रन

विकेट पतन: 1-9, 2-66, 3-86, 4-121, 5-122

गेंदबाजी: शमी 3-0-30-0, प्रिंस 3-0-32-3 राठी 4-0-51-0, आवेश 4-0-23-2, लिंडे 1.1-0-9-0

# 19 साल के मूडी का कमाल, अस्पताल से निकलते ही वर्ल्ड स्नूकर में एंट्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

19 वर्षीय ब्रिटिश खिलाड़ी स्टैन मूडी टॉन्सिलाइटिस के इलाज के लिए भर्ती थे। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के एक दिन बाद उन्होंने चीन के जियांग जून को हराकर पहली बार वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। मूडी साल 2007 में जड ट्रंप के बाद क्रूसिबल में खेलने वाले पहले ब्रिटिश टीनएजर होंगे। स्टैन मूडी ने आखिरी फ्रेम में शानदार सेंचुरी बनाकर जियांग जून को 10-9 से हराया। 6-5 से पिछड़ रहे नंबर-44 मूडी ने 71, 70, 113 और 127 के स्कोर बनाकर 9-8 की बढ़त हासिल की। इसके बाद 18वें फ्रेम में उन्होंने मैच जीतने का मौका गंवा दिया, लेकिन निर्णायक फ्रेम में शानदार 104 का स्कोर बनाकर अपनी गलती सुधार ली। मूडी की यह जीत इसलिए भी ज्यादा अहम है, क्योंकि पिछली रात ही वह टॉन्सिलाइटिस के कारण अस्पताल में भर्ती थे। इसके बावजूद उन्होंने खुद को डिस्चार्ज करवाया और शारीरिक तकलीफ के बावजूद खेलते हुए इस सबसे बड़े मंच पर अपनी जगह सुनिश्चित की।

**मूडी ने आखिरी फ्रेम में शानदार सेंचुरी बनाकर जियांग जून को 10-9 से हराया**



### आईपीएल : धीमी ओवर गति के लिए अजिंक्य रहाणे पर लगा जुर्माना


**चेन्नई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर को मंगलवार को खेले गए इस मैच में 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। उसकी टीम वर्तमान सत्र में अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। आईपीएल के अनुसार, ' कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के मैच के दौरान उनकी टीम की धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है।'

### वैशाली ने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता, विश्व खिताब के लिए जू वेनजुन को चुनौती देंगी

**पाफोस (साइप्रस)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने बुधवार को यहां अहम मौके पर अपना संयम बनाए रखा और शानदार वापसी करते हुए आखिरी दौर में कैटरीना लेगनो को हराकर महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। लंबे समय तक अपने छोटे भाई आर प्राज्ञानानंदा की सफलता के साए में खेलने वाली आर वैशाली को इसके साथ इस साल के आखिर में होने वाले विश्व चैंपियनशिप मुकाबले में चीन की जू वेनजुन का सामना करने का अधिकार मिल गया। वैशाली ने कुल 8.5 अंक हासिल किए और कोनेरू हम्पी के नक्शेकदम पर चलते हुए ऐसी उपलब्धि हासिल की जो देश में महिला शतरंज के लगातार बढ़ते कद को दर्शाती है।

# वर्ल्ड चैंपियन एक्सलसन ने छोड़ दिया बैडमिंटन

- 2017 व 2022 में वर्ल्ड चैंपियन बने थे एक्सलसन
- 32 साल के एक्सलसन अक्टूबर 2025 से किसी प्रतियोगिता में नहीं हुए शामिल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी विक्टर एक्सेलसन ने बुधवार को संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि लगातार चोटिल होने के कारण उन्हें यह फैसला करना पड़ा। डेनमार्क का यह 32 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अक्टूबर से पीठ की समस्या के कारण किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया है। उन्होंने इसके लिए सर्जरी भी कराई लेकिन उनका दर्द अब भी बना रहता है। चैंपियन एक्सेलसन ने कहा, ' जैसा कि अधिकतर लोग जानते हैं कि मैं काफी समय से अपनी पीठ की समस्या से जूझ रहा हूं। पिछले साल अप्रैल में सर्जरी कराने और लंबे समय तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरने के बाद दुर्भाग्य से अक्टूबर में यह दर्द फिर से उबर गया।'

# न्यूजीलैंड महिला फुटबॉल टीम विश्व कप के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड



न्यूजीलेंड ने ओसियाना महासंघ क्वालीफाइंग सीरीज में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को 1-0 से हराकर ब्राजील में अगले महीने होने वाले महिला फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। संडरलैंड की मिडफील्डर केटी किचिंग ने मैच का एकमात्र गोल 55वें मिनट में किया और न्यूजीलैंड को सातवीं बार महिला विश्व कप में जगह दिलाई। इस हार के बावजूद पीएनजी का अभियान खत्म नहीं हुआ है और टीम के पास नवंबर या दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय विंडो (अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए निर्धारित समय) के दौरान अंतर महाद्वीपीय प्ले ऑफ के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का मौका होगा। न्यूजीलैंड ने मैच के दौरान गोल करने के कई मौके गंवाए लेकिन अंततः टीम दूसरे हाफ में किचिंग के गोल की बदौलत जीत दर्ज करने में सफल रही।

**चैंपियंस लीग**

# सेमीफाइनल में पीएसजी और मैड्रिड, बार्सिलोना बाहर

### लिवरपूल को हराकर पीएसजी ने खिताब की ओर बढ़ाया कदम



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

बार्सिलोना दूसरे चरण में जीत के बावजूद क्वार्टर फाइनल में एटलेटिको मैड्रिड से कुल स्कोर में 3-2 से हारने के कारण चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रहा। एटलेटिको मैड्रिड ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण का मैच 2-0 से जीता था, जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। बार्सिलोना ने दूसरे चरण का मैच 2-1 से जीता लेकिन यह आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं था। इस बीच मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लिवरपूल को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से अपने खिताब का बचाव करने की तरफ कदम बढ़ाए। पीएसजी ने क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मैच की तरह दूसरे चरण के मैच में भी 2-0 से जीत हासिल की।






# दी जा रही थी धमकी, वार्ता के बाद ईरानी नेताओं को मारने की रची गई थी साजिश

## ट्रंप ने चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग को पत्र लिखकर कहा- न दें ईरान को हथियार

### ईरानी डेलिगेशन में शामिल तेहरान यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मंराडी बोले


सैयद मोहम्मद मरांडी

**प्रतिनिधिमंडल में ईरान के विदेश मंत्री और संसद के स्पीकर शामिल थे**

**ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने विमान बदला था बस और ट्रेन से पहुंचे थे तेहरान**

**ईरान का अमेरिका पर भरोसा नहीं, वो धोखेबाज, हम सैन्य तैयारियों में जुटे**

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ वॉशिंगटन

इस्लामाबाद में अमेरिका के साथ शांति वार्ता के बेनतीजा रहने के बाद तेहरान लौट रहे ईरानी प्रतिनिधिमंडल को गंभीर सुरक्षा खतरों का सामना करना पड़ा था। तेहरान यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और राजनीतिक विश्लेषक सैयद मोहम्मद मरांडी ने बताया कि बहुत सावधानी बरतते हुए ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची और संसद अध्यक्ष मोहम्मद-बाकेर गालिबाफ सहित प्रतिनिधिमंडल ने बीच रास्ते में ही अपना जहाज बदल दिया था। मोहम्मद मरांडी ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने जहाज बदलने के साथ ही बस और ट्रेन से तेहरान पहुंचने का वैकल्पिक रास्ता अपनाया था।

ईरानी प्रतिनिधिमंडल के साथ तेहरान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मरांडी भी इस्लामाबाद गए थे। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद जाते समय हमें सीधे तौर पर धमकी मिली थी कि हमारे विमान पर हमला हो सकता है। प्रोफेसर मरांडी ने खुलासा किया कि इसी वजह से तेहरान लौटते समय प्रतिनिधिमंडल ने खुफिया तरीके से अपना विमान बदल लिया था।


इस्लामाबाद में ईरानी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ फाइल फोटो

### होमुर्ज खोलने से खुश है चीनः ट्रंप



वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को एक पत्र लिखा जिसमें कहा गया था कि बीजिंग ईरान को हथियारों की आपूर्ति ना करें। ट्रंप ने बताया कि इसके जवाब में राष्ट्रपति शी ने भी खत लिखकर कहा कि वो ऐसा नहीं कर रहे हैं। बता दें, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया था कि चीन ईरान को आधुनिक हथियार भेजने की तैयारी कर रहा था। ट्रंप ने यह भी कहा है कि उन्हें लगता है कि तेल की कीमतें फिर से उसी स्तर पर आ जाएंगी जिस पर वो पहले थीं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि चीन बहुत खुश है कि मैं स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को हमेशा के लिए खोल रहा हूं। मैं यह उनके लिए भी कर रहा हूं और दुनिया के लिए भी।

# ट्रंप ने पावेल को बर्खास्त करने की दी धमकी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/नई दिल्ली



■ ट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान बार-बार जेरोम की आलोचना की

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल आमने-सामने हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने फॉक्स के साक्षात्कार में कहा कि यदि फेडरल रिजर्व अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने समय पर इस्तीफा नहीं दिया, तो उन्हें निकाल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह पॉवेल के खिलाफ न्याय विभाग की जांच को छोड़ने वाले नहीं हैं। ट्रंप ने कहा कि अगर वह समय पर नहीं जाता, तो मुझे उसे हटाना होगा। मैंने अब तक उसे हटाए बिना सहा है। मैं उसे हटाना चाहता हूं, लेकिन मुझे विवाद पैदा करना पसंद नहीं है। मैं बिना किसी विवाद के चाहता हूं। लेकिन उसे हटा दिया जाएगा। पॉवेल का केंद्रीय बैंक के प्रमुख के रूप में कार्यकाल मई में समाप्त हो रहा है, लेकिन बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में उनका कार्यकाल 2028 तक समाप्त नहीं होगा। ट्रंप ने पॉवेल को हटाने की समयसीमा स्पष्ट नहीं की। पॉवेल ने कहा है कि अगर मई में अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल समाप्त होने से पहले उनके उत्तराधिकारी की पुष्टि नहीं होती है, तो वे कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे। फेडरल रिजर्व ने अतीत में अध्यक्ष का पद खाली होने पर संस्था का नेतृत्व करने के लिए बोर्ड के किसी सदस्य को यह अस्थायी पदनाम दिया है। ट्रंप के सहयोगियों को उम्मीद थी कि पॉवेल इस वसंत

# ईरान के समृद्ध यूरेनियम को संभालने की तैयारी में रूस

रूस ने एक बार फिर संकेत दिया है कि वह ईरान के समृद्ध यूरेनियम से जुड़े विवाद को सुलझाने में सहयोग देने के लिए तैयार है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को बीजिंग में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मॉस्को इस संवेदनशील मामले में कई तरीकों से सहयोग कर सकता है। उन्होंने बताया कि इसमें उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम को ईंधन-ग्रेड यूरेनियम में बदलने की प्रक्रिया में मदद कर सकता है। इसके अलावा, जरूरत पड़ने पर यूरेनियम की एक निश्चित मात्रा को रूस में सुरक्षित रखने का विकल्प भी मौजूद है। लावरोव ने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी कदम ईरान की सहमति से और उसके अधिकारों का सम्मान करते हुए ही उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे अन्य देशों को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम संवर्धन का अधिकार है, वैसे ही ईरान को भी यह अधिकार प्राप्त है।

### ईरान के परमाणु कार्यक्रम की हो जांचः आईएईए



संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा है कि किसी भी समझौते में ईरान के परमाणु कार्यक्रम की बेहद विस्तृत और सख्त निगरानी व्यवस्था शामिल करना जरूरी होगा। ग्रॉसी ने दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम काफी व्यापक और महत्वाकांक्षी है, इसलिए इसकी निगरानी के लिए आईएईए निरीक्षकों की मौजूदगी अनिवार्य होगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो समझौता सिर्फ एक भ्रम बनकर रह जाएगा।

### ईरान के पास 10 परमाणु बम बनाने जितना यूरेनियम

आईएईए की रिपोर्ट के मुताबिक, जून 2025 में 12 दिन चले संघर्ष के दौरान इजराइल और अमेरिका द्वारा बमबारी किए गए ईरानी परमाणु ठिकानों तक एजेंसी को अब तक पहुंच नहीं दी गई है। ऐसे में यह पता नहीं है कि ईरान ने यूरेनियम संवर्धन गतिविधियां रोकी हैं या नहीं, और उसके पास कुल कितना परमाणु सामग्री भंडार मौजूद है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के पास करीब 440.9 किलोग्राम यूरेनियम है, जिसे 60 प्रतिशत तक संवर्धित किया गया है। यह स्तर 90 प्रतिशत के हथियार-ग्रेड के काफी करीब माना जाता है। यह मात्रा सैद्धांतिक रूप से 10 परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त हो सकती है।

**अमेरिका के बिना होर्मुज मिशन की योजना बना रहा यूरोप**

# समुद्री मार्गों पर भरोसा बहाल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने का प्रस्ताव


होर्मुज जलडमरू मध्य

यूरोपीय देश होर्मुज स्ट्रेट को लेकर एक योजना तैयार कर रहे हैं। यूरोपीय देश यह योजना होर्मुज स्ट्रेट से बिना अमेरिका के सीधे दखल के शिपिंग को सुरक्षित करने के लिए बना रहे हैं। ईरान-अमेरिका संघर्ष के दौरान ट्रांस-अटलांटिक संबंधों को नया रूप दिया है। बता दें, ट्रांस-अटलांटिक अमेरिका, कनाडा और यूरोपीय संघ के बीच एक रणनीतिक, सुरक्षा, राजनीतिक और आर्थिक साझेदारी है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से विश्व व्यवस्था की आधारशिला माना जाता रहा है।

### अमेरिकी नाकाबंदी के बाद कच्चे तेल का पहला टैंकर होर्मुज से गुजरा

दुबई (एपी)। अमेरिका द्वारा ईरान के बंदरगाहों की नाकाबंदी किए जाने के बाद कच्चे तेल का पहला टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरा। वैश्विक 'शिपिंग ट्रैकिंग मॉनिटर' के अनुसार, अमेरिकी नाकाबंदी के बाद होर्मुज से गुजरे इस पहले जहाज पर माल्टा का ध्वज लगा है।

**सालभर में होगी दूसरी यात्रा**

# ब्रिक्स सम्मेलन के लिए भारत आएंगे रूसी राष्ट्रपति पुतिन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल भारत में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए 'निश्चित रूप से' भारत आएंगे। क्रेमलिन ने आधिकारिक तौर पर इस खबर की पुष्टि कर दी है। एक समाचार एजेंसी के मुताबिक, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने साफ किया है कि पुतिन का इस सम्मेलन में शामिल होना तय है। हालांकि अभी तक शिखर सम्मेलन की तारीखों का आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, यह आयोजन 12 और 13 सितंबर 2026 को नई दिल्ली में हो सकता है। भारत इस साल ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता कर रहा है। पुतिन का भारत आना इस बात का सबूत है कि रूस अपने पुराने और भरोसेमंद दोस्त के साथ खड़ा है। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब पूरी दुनिया की नजरें भारत की कूटनीति पर टिकी हैं। पुतिन पिछले साल दिसंबर 2025 में भी भारत आए थे।

तब उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया था। पुतिन का एक साल के भीतर दूसरी बार भारत आना दोनों देशों के बीच 'विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी' को और मजबूत बनाता है।




### आप राज्यसभा सांसद मित्तल के ठिकानों पर ईडी के छापे

■ जालंधर फगवाड़ा, गुरुग्राम में जांच

जालंधर (एजेंसी)। पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल के 9 ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेड की। सुबह साढ़े 7 बजे दिल्ली से ईडी की टीमें जालंधर में उनके घर, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) और गुरुग्राम समेत अन्य ठिकानों पर पहुंचीं। जांच चल रही है। घर के बाहर पुलिस फोर्स तैनात की गई है। अ शो क मित्तल इस वक्त अपने जालंधर स्थित घर में मौजूद हैं। ईडी) सूत्रों के मुताबिक यह मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा मामला है। जिसे अशोक मित्तल और उनके बेटे से जोड़ा जा रहा है। इन छापों के बाद आप नेताओं ने भाजपा को घेरा। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने लिखा- भाजपा की पंजाब चुनाव की तैयारी शुरू। इस पर केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने जवाब देते हुए लिखा- आपकी पार्टी तो चोरों और लुटेरों की पार्टी है।

### पंजाब सरकार ने राघव की 'जेड-प्लस' सुरक्षा वापस ली

■ आप का दावा केंद्र ने जेड प्लस सिक्योरिटी दी

चंडीगढ़ (भाषा)। राज्यसभा में उपनेता के पद से हटाए जाने के बाद सांसद राघव चड्ढा और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच जारी तनातनी के मद्देनजर पंजाब सरकार ने उनकी 'जेड-प्लस' श्रेणी की सुरक्षा वापस ले ली है। चड्ढा पंजाब से राज्यसभा सांसद हैं और उन्हें राज्य सरकार द्वारा 'जेड-प्लस' श्रेणी का सुरक्षा घेरा प्रदान किया गया था। सूत्रों ने बताया कि उनकी सुरक्षा कुछ दिन पहले वापस ले ली गई है। आम आदमी पार्टी ने दो अप्रैल को राज्यसभा में उपनेता के पद पर चड्ढा की जगह सांसद अशोक मित्तल की नियुक्ति की घोषणा की थी। पद से हटाए जाने के बाद चड्ढा ने कहा था कि उन्हें /"खामोश किया गया है, हराया नहीं/"। उनके इस बयान पर पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उन पर /"अपनी छवि चमकाने/" (सॉफ्ट पीआर करने) और संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज न उठाने का आरोप लगाया था।

**महंगाई मार्च में लगातार पांचवें महीने बढ़ी**

# थोक महंगाई उच्च स्तर 3.88 प्रतिशत पर पहुंची

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के बीच ईंधन, बिजली एवं विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण मार्च में थोक मुद्रास्फीति तीन साल से अधिक यानी 38 माह के उच्च स्तर 3.88 प्रतिशत पर पहुंच गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। थोक मूल्य सूचकांकपर आधारित मुद्रास्फीति मार्च में लगातार पांचवें महीने बढ़ी।प्राथमिक खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी के बीच मुख्य मुद्रास्फीति में तेजी आई। ऊर्जा की बढ़ती कीमतें अंततः अन्य वस्तुओं की कीमतों पर भी असर डालेंगी, इसलिए आने वाले महीनों में थोक मुद्रास्फीति में और वृद्धि के आसार हैं। थोक मुद्रास्फीति मार्च में वैश्विक जिंस कीमतों में वृद्धि और 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल-ईरान संघर्ष की शुरुआत के बाद से ऊर्जा कीमतों में आए झटके के प्रभाव को दर्शाती है।

### खुदरा महंगाई में भी वृद्धि दर्ज

इससे पहले जारी आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई मार्च में बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई जो पिछले महीने 3.21 प्रतिशत थी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस महीने की शुरुआत में चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अपनी पहली द्वैमासिक मौद्रिक नीति पेश करते हुए प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखा था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28